www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-19, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 11.05.2020 से 17.05.2020

श्रम कानूनों में परिवर्तन

बंद आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी फिर से गति - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान फेसबुक लाइव के जरिये मध्यप्रदेश में श्रम कानूनों में हुये परिवर्तन की जानकारी देते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने फेसबुक लाइव के जरिये मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ाकर रोज़गार के अवसरों में वृद्धि, नये निवेश को प्रोत्साहित करने और श्रमिकों के हितों की रक्षा के उद्देश्य से श्रम सुधारों की घोषणा की है। श्री चौहान ने कहा कि इन श्रम सुधारों से कोविड महामारी से प्रभावित उद्योगों एवं व्यवसायों को पुनः पटरी पर लाने के साथ ही आर्थिक क्षेत्र की चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकेगा। कोरोना के विश्वव्यापी संकट ने अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। अब धीरे-धीरे स्थितियां सामान्य होती जा रही हैं। प्रदेश में अब आर्थिक गतिविधियों की पुनः शुरुआत हो गयी है। बदली हुई परिस्थितियों में पुराने उद्योग अपने स्थान परिवर्तन पर विचार कर रहे हैं। वहीं नये उद्योग अपने लिये अनुकूल वातावरण वाले स्थान को प्राथमिकता दे रहे हैं। बंद आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिये श्रम सुधारों को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रम कानूनों में किए गए परिवर्तनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना संकट के पश्चात उद्योगों को जरूरी रियायतें देने के लिए उठाए गए कदम कारखाना मालिकों को और श्रमिकों के मध्य परस्पर सहयोग का वातावरण निर्मित करेंगे। विभिन्न तरह की अनुमतियों के लिए उद्योग क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की गई है। प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और दफ्तरों के चक्कर लगाने के काम से मुक्ति दी गई है।

श्री चौहान ने बताया कि पूरे विश्व में कोरोना का संकट है। हमारा देश और प्रदेश भी इससे अछूता नहीं है। हमें लड़कर कोरोना को पराजित करना है। इसके साथ ही अर्थव्यवस्था पर जो बुरा प्रभाव पड़ा है उसे कम करने के लिए और अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस दिशा में प्रभावी नेतृत्व कर रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में आर्थिक गतिविधियों की पुनः शुरुआत की गई है। नए उद्योगों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। श्रम सुधार करने के पीछे मुख्य उद्देश्य अन्य स्थानों से स्थानांतरित हो रहे उद्योगों और नए स्थापित होने वाले उद्योगों को आकर्षित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरलता से नए उद्योग लग सकेंगे, लोगों को रोज़गार के अवसर मिलेंगे और श्रमिकों के हितों की रक्षा होगी। उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनेगा।

दुकानों के समय में वृद्धि

श्री चौहान ने कहा कि कोरोना ने सोशल डिस्टेंसिंग के महत्व से परिचित करा दिया है। बाजारों में भीड़ न हो इस उद्देश्य से प्रदेश की दुकानों के खुले रहने का समय सुबह 8 से रात्रि 10 के स्थान पर सुबह 6 से रात्रि 12 बजे तक रहेगा। इसके लिए आवश्यक अधिसूचना जारी कर दी गई है। कारखानों में कार्य की पाली आठ घंटे से बढ़ाकर 12 घंटे कर दी गई है। कारखाना मालिक अब खुद शिफ्ट परिवर्तित कर सकेंगे।

मंडी अधिनियम बदला

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मंडी अधिनियम में परिवर्तन कर किसानों को घर बैठे उपज विक्रय, निजी मंडियों में फसल बेचने जैसे विकल्प उपलब्ध करवाए गए हैं। प्रतिस्पर्धा बढ़ने से किसानों को अच्छे दाम मिलेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में श्रमिकों के हित से कोई समझौता नहीं होगा। श्रम कानूनों में जो संशोधन किए गए हैं, उसके फलस्वरूप प्रदेश को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा।

पंजीयन और लाइसेंस सिर्फ एक दिन में

- पंजीयन और लाइसेंस का कार्य तीस दिन के स्थान पर एक दिन में होगा। इससे कारखानों दुकानों, ठेकेदारों, बीड़ी निर्माताओं, मोटर परिवहन कर्मकार, मध्यप्रदेश भवन तथा अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम में आने वाली निर्माण एजेंसियों का पंजीयन/लाइसेंस एक दिन में मिलेगा।
- लोक सेवा गारंटी अधिनियम में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी गई है।
- कारखाना लाइसेंस नवीनीकरण अब एक साल की बजाय दस साल में कराये जाने का प्रावधान किया गया है।
- ठेका श्रम अधिनियम में कैलेण्डर वर्ष की जगह संपूर्ण ठेका अवधि के लिए लाइसेंस जारी किया जाएगा।
- नए कारखानों का पंजीयन/लाइसेंस जारी करने की ऑनलाइन व्यवस्था होगी।
- स्टार्टअप उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए उन्हें सिर्फ एक बार पंजीयन कराना होगा। नवीनीकरण करवाने की जरूरत नहीं होगी।

कारखानों में 12 घंटे की पाली ओवरटाइम बढ़ा

- कारखानों में कार्य करने की पालियां 8 घंटे से बढ़कर 12 घंटे की होंगी। सप्ताह में 72 घंटे ओवरटाइम मंजूरी दी गई है। कारखाना नियोजक उत्पादकता बढ़ाने के लिए सुविधानुसार शिफ्टों में परिवर्तन कर सकेंगे।

एक ही रजिस्टर, एक ही रिटर्न

- कारखानों में कार्य की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए श्रम कानूनों के अंतर्गत 61 रजिस्टर रखने और 13 रिटर्न दाखिल करने की जगह एक ही रजिस्टर और एक ही रिटर्न दाखिल करने की व्यवस्था की गई है। रिटर्न फाइल करने के लिए स्व-प्रमाणन हो सकेगा।

नहीं होंगे, बार-बार निरीक्षण

- कारखाना अधिनियम में तीन माह के लिए फैक्ट्री इंस्पेक्टर के निरीक्षण से मुक्ति होगी।
- नियोजक अपने द्वारा चुने गए थर्ड पार्टी निरीक्षक से कारखाने का निरीक्षण करवा सकेंगे। पहले थर्ड ...

(शेष पृष्ठ 16 पर)

मजदूर भाई चिंता न करें उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे

मुख्यमंत्री ने दूसरे राज्यों में फंसे मध्यप्रदेश के मजदूरों से की अपील

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दूसरे प्रदेशों में फंसे मध्यप्रदेश के मजदूरों से अपील की है कि वे चिंता न करें। उनकी मध्यप्रदेश सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाएगी। वे धैर्य रखें, पैदल न चलें तथा प्रदेश के कंट्रोल रूम पर संपर्क कर अपनी जानकारी दें। हम आपको प्रदेश वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न प्रदेशों में फंसे मध्यप्रदेश के एक लाख 25 हज़ार मजदूरों को प्रदेश वापस लाया गया है। उन्हें लाने के लिए विशेष ट्रेनों की व्यवस्था की गई है। ग्यारह ट्रेन मजदूरों को लेकर मध्यप्रदेश आ गई हैं। अन्य 40 ट्रेनें भी तैयार हैं। वे निर्धारित कार्यक्रमानुसार विभिन्न प्रदेशों से मजदूरों को लेकर मध्यप्रदेश आएंगी। मजदूरों को आने का कोई किराया नहीं चुकाना है। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा रेल का किराया भारत सरकार को दिया जा रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि अन्य प्रांतों में फंसे मजदूर भाई हमारे कंट्रोल रूम 0755-2411180 पर सूचना दें तथा रजिस्ट्रेशन कराएं और इंतजार करें। शीघ्र ही आपको मध्यप्रदेश वापस लाने की व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद के पास रेल दुर्घटना में श्रमिकों की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। ये श्रमिक मध्यप्रदेश के शहडोल और उमरिया आदि जिलों के हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दुर्घटना के संबंध में रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे से चर्चा की और श्रमिक परिवारों की सहायता के लिये अधिक से अधिक सहयोग का अनुरोध भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में हुई दुर्घटना से मन अत्यंत व्यथित एवं दुःखी है। हमारे 16 मजदूर भाई पैदल वापस आ रहे थे तथा रेलवे ट्रैक पर सो गए। रेल हादसे में उनकी मृत्यु अत्यंत दुखद है। सरकार ने आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह को अधिकारियों की टीम के साथ औरंगाबाद तुरंत भिजवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिवंगत मजदूरों के परिवारों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है तथा रेल मंत्री से भी उन्हें सहायता देने का आग्रह किया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री से चर्चा कर अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

गरीब जनता की जिंदगी में नया प्रकाश है संबल - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीबों की जिंदगी में संबल देने वाली संबल योजना को पुनः प्रारंभ किया है। उन्होंने संबल योजना के हितग्राहियों के खातों में 41.33 करोड़ रुपये की राशि एक क्लिक पर ट्रांसफर की। मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा कि पुरानी सरकार ने संबल योजना बंद कर दी थी इसलिये संबल योजना पुनः प्रारंभ कर रहे हैं। योजना के कार्ड रद्द कर दिये थे, अब यह कार्ड फिर काम आयेंगे।

श्री चौहान ने कहा कि जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तब मैंने संबल योजना प्रारंभ की थी। संबल केवल योजना नहीं है, गरीबों का सहारा है, बच्चों का भविष्य है, बुजुर्गों का विश्वास है और माँ, बहन-बेटियों का सशक्तिकरण है। संसाधन कब्जे में होने के कारण कुछ लोग अमीर हो गये परन्तु बड़ी आबादी निर्धन रह गयी। संबल योजना के माध्यम से हम उसी आबादी को न्याय दे रहे हैं। जो धनी हैं, उनसे हम टैक्स लेते हैं और जो गरीब हैं उनको सुविधाएं देते हैं, यही सामाजिक न्याय है।

मुख्यमंत्री द्वारा सामान्य मृत्यु के 1698 हितग्राहियों को 33.16 करोड़ रुपये, दुर्घटना में मृत्यु के 204 हितग्राहियों को 8.16 करोड़ रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता के 1 हितग्राही को 1 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता दी गयी। श्री चौहान द्वारा हितग्राहियों के खाते में 41 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से सीधे उनके खातों में अंतरित की गई। श्री चौहान ने कहा कि संबल योजना अप्रैल 2018 में प्रारंभ की गई थी। इस योजना के क्रियान्वयन के लिए वर्ष 2018-19 में 703 करोड़ रुपये की राशि व्यय की गई थी। हमने 20 अप्रैल 2020 को इस योजना को पुनर्जीवित कर मात्र 15 दिन में ही हितग्राहियों के खाते में 41 करोड़ रुपये जमा कर योजना को पुनर्जीवित किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन्म से मृत्यु तक साथ निभाने वाली इस अभिनव योजना का उद्देश्य गरीब एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। इसके तहत गर्भवती हितग्राही को प्रसव के पूर्व 4 हजार रुपये और प्रसव के पश्चात 12 हजार रुपये दिए जाएंगे। पोषण आहार दिया जायेगा एवं बच्चों की शिक्षा निःशुल्क होगी, आठवीं तक निःशुल्क किताबें, यूनिफार्म, मध्याह्न भोजन की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत हितग्राहियों को मुख्य रूप से सामान्य और असामयिक मृत्यु पर 2 लाख रुपये, दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रुपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता में एक लाख रुपये की सहायता देने का प्रावधान है। हितग्राही की मृत्यु होने पर उसके परिजन को 5 हजार रुपये अंत्येष्टि सहायता और लघु व्यवसाय के उन्नयन में मदद दिलाना था। इस योजना को और अधिक व्यापक स्वरूप प्रदान करने के लिए इसके प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जा रहा है।

पाठकों और एजेन्टों के लिये महत्वपूर्ण सूचना

'रोज़गार और निर्माण' के 30 मार्च से 4 मई तक के अंकों का प्रकाशन देशव्यापी लॉकडाउन की वजह से नहीं हो पाया है। 'रोज़गार और निर्माण' का प्रकाशन 11 मई के अंक से फिर शुरू किया जा रहा है।

उप महाप्रबंधक
(प्रसार एवं विज्ञापन)

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

2 मई

भारत ने आईटीईआर प्रोजेक्ट के लिये भेजा उपकरण

● फ्रांस के कराहाश में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी प्रयोगशाला इंटरनेशनल थर्मो न्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर्स (आईटीईआर) प्रोजेक्ट के लिये भारत ने जरूरी उपकरण भेजा है। यह जानकारी इस प्रोजेक्ट के प्रमुख वैज्ञानिक बर्नार्ड बिगोट ने दी है। बिगोट ने बताया कि कोरोना संकट का असर इस प्रोजेक्ट पर भी पड़ा है। इस प्रोजेक्ट के लिये एक खास उपकरण गुजरात के हजीरा में लार्सन एंड टुब्रो कंपनी द्वारा बनाया गया है। उन्होंने बताया कि आईटीईआर के लिये भारत से 7 टन स्टील उपकरण कार्गो विमान के जरिये फ्रांस भेजा जा रहा है।

● देश के दूरदराज के इलाकों में आपूर्ति श्रृंखला और माल परिवहन प्रबंधन प्रणाली से किसानों को जोड़ने के लिये नई दिल्ली के केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ने किसान सभा एप विकसित किया है। इस एप का लक्ष्य किसानों को सबसे किफायती और समय पर लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करना और विचौलियों के हस्तक्षेप को कम करके और सीधे संस्थागत खरीदारों के साथ जुड़कर उनके लाभ को बढ़ाना है। यह एप निकटतम मंडियों की उपज मूल्यों की तुलना करके, सस्ती कीमत पर मालवाहक वाहन की बुकिंग करके फसलों की सर्वोत्तम बाजार दर प्रदान करने में मदद करेगा।

● भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना वायरस से संक्रमित थे। न्यायमूर्ति अजय कुमार त्रिपाठी का जन्म 12 नवंबर 1957 को हुआ था। उन्होंने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक किया और दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर में कानून की डिग्री ली। उन्होंने पटना उच्च न्यायालय में वकालत शुरू की और 9 अक्टूबर 2006 में पटना उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश बने। 7 जुलाई 2018 को न्यायमूर्ति त्रिपाठी ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। 27 मार्च 2019 को वे भारत के लोकपाल के न्यायिक सदस्य बने।

3 मई

सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिये नामांकन की अवधि बढ़ी

● भारत सरकार ने भारत की एकता और अखंडता को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान के लिये सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर 'सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार' की शुरुआत की है। इस पुरस्कार के जरिये राष्ट्रीय एकता और अखंडता के क्षेत्र में विभिन्न व्यक्तियों या संस्थानों तथा संगठनों द्वारा किये गये उल्लेखनीय और प्रेरक योगदान को सराहा जाता है। जाति, पेशा, पद और लिंग का भेद किये बिना कोई भी व्यक्ति जो इस दिशा में उत्कृष्ट कार्य करेगा वो इस पुरस्कार का हकदार होगा। यह पुरस्कार मरणोपरांत भी दिया जा सकता है। केंद्र सरकार ने इस पुरस्कार के लिये नामांकन/सिफारिशों को ऑनलाइन आमंत्रित किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून, 2020 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

● कोरोना महामारी के कारण लोगों का सरकारी अस्पतालों पर भरोसा तेजी से बढ़ा है। यह जानकारी एक सर्वे द्वारा दी गई है। आईएएनएस-सी वोटर द्वारा देश भर में किये गये सर्वे के अनुसार वर्ष 2018 में 37.6 प्रतिशत लोगों का सरकारी अस्पतालों में भरोसा था। इस वर्ष यह आंकड़ा तेजी से बढ़ा और 52.8 प्रतिशत लोग सरकारी अस्पतालों में भरोसा करने लगे। इस सर्वे के अनुसार निजी अस्पतालों पर भी लोगों का भरोसा बढ़ा है। वर्ष 2018 में 34.1 प्रतिशत लोग इलाज के लिये निजी अस्पताल का रुख करते थे, जो कि वर्ष 2019 में 38.2 प्रतिशत हो गये हैं।

4 मई

लॉकडाउन के दौरान जनऔषधि केंद्रों ने प्राप्त किया रिकॉर्ड बिक्री टर्न ओवर

● प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेकेए) ने अप्रैल 2020 में रिकॉर्ड

52 करोड़ रुपये का बिक्री टर्न ओवर प्राप्त किया है। कोरोना वायरस के कारण लगाए गये लॉकडाउन के बावजूद प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों की बिक्री में इजाफा हुआ है। मार्च 2020 में इन केंद्रों की कुल बिक्री 42 करोड़ रुपये थी। कोरोना महामारी के कारण दवाओं और चिकित्सीय उपकरणों की मांग बहुत अधिक है। इस मांग को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों ने लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति की। इन केंद्रों की दवाएं औसत बाजार मूल्य की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती हैं। वर्तमान में देश के 726 जिलों में 6 हजार 300 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं।

● एयर एंडिया, अलायंस एयर, आईएएफ और निजी विमान वाहकों द्वारा लाइफ-लाइन उड़ान के तहत 430 उड़ाने संचालित की गई हैं। इनमें से 252 उड़ाने एयर इंडिया और अलायंस एयर द्वारा संचालित की गई हैं। लाइफलाइन उड़ानों के तहत् 3 मई तक लगभग 796 टन कार्गो ले जाया गया है। लाइफ लाइन उड़ान द्वारा तय की गई हवाई दूरी 4 लाख 21 हजार 780 किलोमीटर से अधिक है। लाइफ- लाइन उड़ानों का संचालन नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है, ताकि कोरोना महामारी के खिलाफ भारत के युद्ध का समर्थन करने के लिये दूर-दराज के हिस्सों में आवश्यक चिकित्सा कार्गो का परिवहन किया जा सके।

● केंद्रीय पंचायती राज तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली में सरकारी ई-मार्केट प्लेस (जीईएम)

पोर्टल पर 'द सरस कलेक्शन' का शुभारंभ किया। जेम और दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम), ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक अनूठी पहल, सरस संग्रह, ग्रामीण स्व-सहायता समूह (एसएचजी) द्वारा बनाये गये दैनिक उपयोग वाले उत्पादों को प्रदर्शित करता है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों को केंद्र तथा राज्य सरकार के खरीदारों तक पहुंचने के लिये बाजार उपलब्ध कराना है।

5 मई

यूपीएससी ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की स्थगित

● संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कोरोना वायरस के कारण देशव्यापी लॉकडाउन के दूसरे चरण के बाद की स्थिति का जायजा लेने के बाद फैसला किया है कि वर्तमान परिस्थिति में परीक्षाएं और साक्षात्कार फिर से शुरू करना संभव नहीं है। इसीलिये सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2020 को स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा 31 मई 2020 को आयोजित की जानी थी। यह परीक्षा भारतीय वन सेवा परीक्षा की स्क्रीनिंग परीक्षा के रूप में भी कार्य करती है, इसलिए भारतीय वन सेवा परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया है। यूपीएससी ने कहा कि 20 मई 2020 तक परिस्थितियों की समीक्षा की जायेगी और परीक्षाओं के लिये नई तारीखों का फैसला किया जायेगा। नई तारीखों की जानकारी यूपीएससी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जायेगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग और लेबलिंग नियम 2008 में संशोधन करके 13 अप्रैल 2020 को जारी जीएसआर 248 (ई) के माध्यम से सभी तंबाकू उत्पाद पैक के लिये निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के नये सेट अधिसूचित किये हैं। संशोधित नियम 1 सितंबर 2020 से लागू होंगे। निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों का नया सेट 1 सितंबर 2020 से लागू होने के बाद 12 महीने तक प्रभावी रहेगा। सिगरेट या किसी भी तंबाकू उत्पाद के निर्माण, उत्पादन, आपूर्ति, आयात या वितरण में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगे हुये किसी भी व्यक्ति को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी तंबाकू उत्पाद पैकेजों में नई निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य रूप से छपी हो।

● कोरोना वायरस से उत्पन्न वैश्विक संकट को देखते हुये अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने टेलीफोन के जरिये सुनवाई करने का फैसला किया है। अमेरिका के इतिहास में यह पहला अवसर है कि फोन के जरिये सुनवाई होगी। अमेरिका में जजों की उम्र 65 या इससे अधिक है। ऐसे में उनके कोरोना संक्रमित होने का खतरा अधिक है। इसे ध्यान में रखते हुये अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय लिया है।

6 मई

ईपीएफओ ने पेंशनधारकों के लिये जारी किये 764 करोड़ रुपये

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पेंशन योजना के तहत अपने 65 लाख पेंशनधारकों के लिये अप्रैल 2020 में 764 करोड़ रुपये जारी किये हैं। केंद्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सभी 135 प्रक्षेत्र कार्यालयों ने कोरोना संकट के कारण लगे लॉकडाउन से पेंशनभोगियों को असुविधा से बचाने के लिये अग्रिम रूप से अप्रैल 2020 की पेंशन का भुगतान किया है। ईपीएफओ ने पूरे देश में पेंशन संवितरण बैंकों की सभी नोडल शाखाओं को रुपये भेजे हैं। सभी बैंक शाखाओं को समय पर पेंशनधारकों के खातों में पेंशन राशि जमा करने के निर्देश दिये गये हैं।

कोरोना वायरस संक्रमण का प्रसार थामने के लिये लगाये गये देशव्यापी लॉकडाउन का सकारात्मक असर पड़ा है। यह जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि लॉकडाउन से पहले कोरोना संक्रमण के दो गुना होने का समय 3.4 दिन था, जो अब 12 दिन हो गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस के प्रबंधन में अब हम बहुत सहज हैं, लेकिन मैदानी स्तर पर किसी प्रकार की नरमी का प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

● केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने एक वेबिनार के माध्यम से देशभर के विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने विद्यार्थियों की स्कूली परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं, शैक्षणिक कैलेंडर, ऑनलाइन शिक्षा, शुल्क, विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और फेलोशिप आदि से जुड़ी जिज्ञासाओं और प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। श्री पोखरियाल ने लंबित प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा करते हुये बताया कि एनईईटी (नीट) परीक्षा का आयोजन 26 जुलाई 2020 को किया जायेगा।

7 मई

विवादित पोस्ट पर नजर रखने के लिये फेसबुक ने बनाया ओवरसाइट बोर्ड

● सोशल नेटवर्किंग कंपनी फेसबुक ने आपत्तिजनक पोस्ट और फेक न्यूज को रोकने के लिये एक 'कंटेंट ओवरसाइट बोर्ड' बनाया है। यह बोर्ड पूर्ण रूप से स्वतंत्र होगा और तय करेगा कि फेसबुक से किस तरह के विवादित कंटेंट हटाए जाएं। इस बोर्ड में डेनमार्क के पूर्व प्रधानमंत्री, नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, कानून विशेषज्ञ, प्रोफेसर और पत्रकार सहित विश्व भर के 20 लोगों को शामिल किया गया है। इस बोर्ड में भारत के सुधीर कृष्णास्वामी भी शामिल किये गये हैं। फेसबुक ने कहा कि इस बोर्ड में सदस्यों की संख्या 40 तक की जा सकती है। बोर्ड के फैसलों को फेसबुक कंपनी को 90 दिनों के भीतर लागू करना होगा। इस बोर्ड के कार्यों के लिये 6 वर्ष का 130 मिलियन डॉलर का फंड बनाया गया है।

● आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम् में एक बड़ा औद्योगिक हादसा हो गया। एक पॉलीमर प्लांट से बड़ी मात्रा में स्टाइरीन गैस लीक हो गई। इस हादसे में 8 वर्ष के बच्चे सहित 11 लोगों की मौत हो गई, वहीं 300 से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हो गये हैं। इस हादसे के कारण प्लांट के 5 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 5 गांवों के हजारों लोगों को आंख में जलन, उल्टी और सांस लेने में परेशानी जैसी शिकायतें हुईं। राज्य सरकार ने घटना की जांच के लिये उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। विशाखापट्टनम् पुलिस ने पॉलीमर प्लांट के प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि स्टाइरीन गैस सिंथेटिक रबड़ और रेजिन बनाने में इस्तेमाल होती है।

● इजराइल की सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को भ्रष्टाचार के आरोपों

के बावजूद सरकार बनाने की अनुमति प्रदान की है। अदालत ने कहा है कि नेतन्याहू नई सरकार का गठन कर सकते हैं। अदालत के इस फैसले ने नेतन्याहू और बेनी गेंट्ज के बीच सत्ता में साझेदारी के समझौते को अमल में लाने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके साथ ही 17 महीने से चल रहा राजनीतिक गतिरोध खत्म हो गया है। नेतन्याहू 13 मई को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

8 मई

एसबीआई ने बेंचमार्क लेंडिंग रेट में की कटौती

● देश के सबसे बड़े सार्वजनिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सभी अवधि के बेंचमार्क लेंडिंग रेट में 0.15 प्रतिशत की कटौती की है। इससे ब्याज दर 7.40 प्रतिशत से घटकर 7.25 प्रतिशत हो जायेगी। ये दरें 10 मई से लागू होंगी। ब्याज दर में कटौती से होम लोन, कार लोन सहित अन्य लोन सस्ते हो जायेंगे। इसके अलावा एसबीआई ने रिटेल फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज दरें 3 साल की अवधि के लिये 0.20 प्रतिशत घटा दी हैं। इससे एफडी पर मिलने वाला ब्याज कम हो जायेगा। एफडी पर ब्याज की नई दरें 12 मई से लागू होंगी।

● मुस्तफा अल-काधमी ने इराक के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। काधमी इराक की खुफिया एजेंसी के प्रमुख रह चुके हैं। काधमी के शपथ लेने के बाद देश में पांच महीने से जारी नेतृत्व संकट समाप्त हो गया है। काधमी से पहले प्रधानमंत्री नियुक्त किये गये दो लोग संसद में समर्थन हासिल करने में असफल रहे हैं। इराक के राष्ट्रपति बरहाम सालेह ने लगभग एक माह पहले प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। इराक की 255 सदस्यीय संसद ने काधमी के साथ उनके 15 मंत्रियों को समर्थन देने पर मुहर लगा दी है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के शोधकर्ताओं ने ऐसा मास्क तैयार किया है, जो जीवाणु नाशक है। यह मास्क कोरोना से जंग कर रहे देशवासियों के लिये मजबूत सुरक्षा कवच बन सकता है। इस मास्क को ठंडे पानी और डिटर्जेंट में धोकर 50 बार इस्तेमाल किया जा सकता है। इस मास्क को आईआईटी दिल्ली के टेक्सटाइल एंड फाइबर इंजीनियरिंग की प्रोफेसर मंगला जोशी और पीएचडी कर चुकी छात्रा डॉ. अनसुइया राय ने बनाया है। संस्थान ने दो मास्क की कीमत 299 रुपये तय की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 19, 11.05.2020 से 17.05.2020

● प्रबंध संचालक - पी. नरहरि ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

संपादकीय

मनरेगा में जरूरत अनुसार बनेंगे नये जॉब कार्ड

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पिछले दिनों राज्य में मनरेगा के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बात की। ये श्रमिक पहली बार संबंधित जिले के कलेक्टर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के साथ इस तरह की कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुए और मुख्यमंत्री से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद को पात्रता अनुसार कार्य उपलब्ध करवाया गया है। लोग तकलीफ में न आयें इसके लिये जरूरत अनुसार नये जॉब कार्ड भी तैयार किये जायेंगे। कोरोना संकट के इस दौर में हर जिले में श्रमिकों को काम की जरूरत थी इसी बात को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने रेड जोन इलाकों को छोड़कर अन्य इलाकों में इन कार्यों के संचालन के निर्देश दिये हैं। श्रमिकों के समक्ष जो रोजी-रोटी का संकट पैदा हुआ था, वो मनरेगा कार्यों के संचालन से दूर हो सका है। मनरेगा में जल संरक्षण, कूप निर्माण, तालाब निर्माण और चेक डैम निर्माण सहित स्व-सहायता समूहों और स्वच्छ भारत मिशन के कार्य आज एक बड़े वर्ग के लिये वरदान सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर्स और जिला पंचायत के अधिकारियों से कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये मनरेगा कार्यों के संचालन पर नजर रखी जाये। अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करने वाले कोरोना वायरस से सुरक्षित रहते हुये हर जरूरतमंद को काम देने की आवश्यकता है। श्री चौहान ने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कोरोना से लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके कथन- 'जान भी है, जहान भी' के अनुसार दो गज की दूरी बनाकर श्रमिकों के लिये रोजी-रोटी का प्रबंध करना है। मास्क अथवा गमछा उपयोग में लाने और साबुन से हाथ धोने जैसी सावधानियां अपनाकर कार्य करने हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिला स्व-सहायता समूहों को 8 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान हुआ है। मनरेगा में इस समय 14 लाख 64 हजार 969 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। प्रदेश की 22 हजार से अधिक पंचायतों में करीब 1 लाख 31 हजार कार्य चल रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास और सभी जिला पंचायतों के अधिकारियों को बड़ी संख्या में श्रमिकों को कार्य से जोड़ने के लिये बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वयं की सुरक्षा के साथ पूरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुये श्रमिक कार्य करें। अब कुछ समय कोरोना के साथ ही जीने की आदत डालनी होगी। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से मजदूरी के भुगतान के संबंध में जानकारी प्राप्त की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अनेक मजदूरों से सीधे बात की। सिंगरौली के श्री सीताराम पाल ने बताया कि वो छत्तीसगढ़ से 200 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर सिंगरौली आ सके। ये 5 दिन बहुत कष्टकारी थे। खाने के लिये कुछ न था, यहां तालाब का कार्य चल रहा है, जिसमें काम मिलने से रोजी-रोटी का इंतजाम हो गया है। मनरेगा में मजदूरों को जरूरत अनुसार कार्य उपलब्ध करवाकर मध्यप्रदेश सरकार एक अनुकरणीय कार्य कर रही है। बड़ी संख्या में इस योजना से जुड़े मजदूरों को अब आसानी से काम उपलब्ध हो रहा है और उन सभी का जीवन बेहतर हुआ है।

ब्रह्मांड को जानें

सूर्य

गतांक से आगे - चुम्बकीय क्षेत्र के रूप को सौर वायु विकृत करती हैं। पृथ्वी के

अर्धव्यास से 10 गुनी लगभग 64,000 किलोमीटर की दूरी तक चुम्बकीय क्षेत्र फैला हुआ है। इस भाग में जो सूर्य से प्रकाशित भाग है, वहां पृथ्वी से होती हुई सौर वायु बहती रहती है। पृथ्वी से दूसरी ओर (रात के भाग में) सौर वायु फिर इकट्ठी होती है और चुम्बकीय क्षेत्र को पूंछ की तरह या करीब-करीब पुच्छल तारे की भांति दबा देती हैं। सूर्य के धब्बे, सूर्य की सतह पर देखे गये काले निशान हैं, वे काले इसलिये दिखाई देते हैं कि वे सूर्य की सतह के तापमान 6,000 सेल्सियस सेंटीग्रेड से अपेक्षाकृत लगभग 1,500 सेल्सियस सेंटीग्रेड ठंडे हैं। हाल ही की पैमाइश में सबसे लम्बा धब्बा लगभग 1,813 करोड़ वर्ग किलोमीटर बड़ा था, जो कि सूर्य के दृश्यमान सतह का लगभग 0.7 प्रतिशत है। ध्रुवीय ज्योतियां दो हैं- उत्तर ध्रुवीय ज्योति (अरोट बोरियालिस) और दक्षिण ध्रुवीय ज्योति (अरोश ऑस्ट्रयालिस)। ये प्रकाश हैं, जो आकाश में तरंगों या धाराओं में फैल जाते हैं। दक्षिण ध्रुवीय ज्योति को उत्तर में ऑस्ट्रेलिया तक देखा जा सकता है। ये ज्योतियां सूर्य के धब्बे के कारण उत्पन्न होती हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व रेडक्रॉस दिवस | 8 मई

मानवता की सेवा ही रेडक्रॉस का ध्येय

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, पत्रकार हैं)

मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है यह कथन युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद ने कहा था। विवेकानंद का यह कथन रेडक्रॉस सोसायटी के लक्ष्य पर भी बिल्कुल सटीक बैठता है। आज जब पूरा विश्व नोवल कोरोना वायरस जनित कोविड-19 महामारी के संकट से जूझ रहा है, उस समय भी यह संस्था पूरे विश्व में अपना योगदान दे रही है। यह पहली बार नहीं है जब देश-दुनिया पर कोई संकट आया हो या फिर चाहे कोई प्राकृतिक आपदा बाढ़, भूकंप या मानव जनित त्रासदी जैसे युद्ध या कोई आतंकवादी हमला हुआ हो, हमेशा ही रेडक्रॉस ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया है।

8 मई को प्रतिवर्ष रेडक्रॉस दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसके संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिवस को रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाते हैं।

युद्ध के दौरान चिकित्सा सुविधा के अभाव में 40 हजार से अधिक सैनिकों को अपने सामने मरता हुआ देखकर हेनरी के दिमाग में निष्पक्ष मानवता के हित में ऐसी किसी संस्था की स्थापना का विचार पहली बार आया था। इस घटना के कुछ वर्ष बाद हेनरी ने 9 फरवरी 1863 को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में पांच लोगों की एक कमेटी बनाई। हेनरी की बनाई इस संस्था का नाम इंटरनेशनल कमेटी फॉर रिलीफ टू द वाउन्डेड था। इसी साल जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में 18 देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जेनेवा समझौते के तहत ही इस संस्था से जुड़े लोगों की निष्पक्ष होकर मानवता की सेवा करने की बात को कई देशों ने स्वीकार किया। इसलिए युद्ध क्षेत्र में भी रेडक्रॉस की एंबुलेंस को रोका नहीं जाता है। वर्तमान समय में इस संस्था के 192 सदस्य देश पूरे विश्व में मौजूद हैं।

रक्तदान के लिए भी करता है प्रेरित

पूरी दुनिया में रेडक्रॉस रक्तदान के लिए प्रोत्साहन से लेकर ब्लड बैंक संचालित करने तक का कार्य करता है। रेडक्रॉस की ही पहल पर विश्व का पहला ब्लड बैंक अमेरिका में 1937 में खोला गया था। रेडक्रॉस द्वारा संचालित किए जाने वाले रक्तदान के प्रचार-प्रसार के कारण ही थैलेसिमिया, कैंसर, एनीमिया, पीलिया आदि रोगों में रक्तदान की कमी को पूरा करना काफी हद तक संभव हुआ है। इस संस्था का ध्येय वाक्य Find the Volunteer inside you (अपने अन्दर के स्वयं सेवक को पहचाने।) सफेद पट्टी पर लाल रंग का क्रॉस का चिन्ह इस संस्था का प्रतीक चिन्ह है। इस संस्था ने प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान घायल हुए सैनिकों के उपचार तथा उनके पुनर्वास में बेहद अहम भूमिका निभायी। तब से लेकर आज तक विश्व के लगभग सभी देशों में यह संस्था मानव सेवा में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रही है। संस्था के सदस्य निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा का काम करते हैं। वे ज़रूरत पड़ने पर गांव और शहरों में एंबुलेंस सेवाएं और दवाइयां पहुंचाने का काम करते हैं।

हेनरी को ही मिला था विश्व का पहला नोबल शांति पुरस्कार

मानवता के प्रबल समर्थक जीन हेनरी ड्यूनेंट 8 मई 1828 को स्विट्जरलैंड जेनेवा में जन्मे थे, उन्होंने न सिर्फ पीड़ित मनुष्यों की सेवा की बल्कि पूरे विश्व के लोगों को पीड़ित मनुष्यों की सेवा के लिए प्रेरित किया। 1901 में जब नोबल पुरस्कारों की शुरुआत हुई, तो पहला नोबल शांति पुरस्कार जीन हेनरी ड्यूनेंट को दिया गया। 1859 में जब हेनरी इटली में नेपोलियन तृतीय से अल्जीरिया में व्यापार के संबंध में मिलने के लिए गए थे, जो कि उस समय फ्रांस के अधीन था। जब वे इटली के छोटे से शहर सोलफेरिनो में 24 जून को पहुंचे तब वहां ऑस्ट्रिया और फ्रांस के मध्य युद्ध चल रहा था। हेनरी ने युद्ध क्षेत्र में 40 हजार सैनिकों को इलाज के अभाव में मृत या घायल अवस्था में देखा था। अपने जीवन में देखे इस दृश्य ने हेनरी को विचलित कर दिया, बाद में उन्होंने इस पर एक किताब मेमोरी ऑफ सोलफेरिनो भी लिखी। इसके साथ ही इस घटना के बाद मानव सेवा का विचार जीन हेनरी ड्यूनेंट के मन में आया था। इस युद्ध के बाद ही जेनेवा की संधि भी हुई, जिसमें दुश्मन देश के सैनिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की बात कही गई थी।

भारत में पूरा हुआ रेडक्रॉस का शतक

भारत में रेडक्रॉस सोसायटी इस वर्ष अपने 100 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर रही है। इसकी स्थापना हमारे देश में पार्लियामेंट्री एक्ट के तहत 1920 में की गई थी। देश में वर्ष 1942 में कलकत्ता के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हाइजीन एंड पब्लिक हेल्थ के अधीन भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा पहला ब्लड बैंक स्थापित किया गया। वर्ष 1977 में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी हेडक्वार्टर द्वारा प्रत्यक्ष रूप से ब्लड बैंकों का संचालन किया जाने लगा और इसके तहत विभिन्न राज्यों में भी इसकी शाखाएं स्थापित की गईं। 'फेनी' तूफान ने 3 मई को भारत के ओडिशा में भारी तबाही मचाई थी, लेकिन इस आपदा का पहले से ही आकलन किया जा चुका था, जिसके चलते ओडिशा में सभी लोगों को बचा लिया गया। लोगों तक 'फेनी' का संदेश पहुंचाने और उन्हें बचाने के लिए ओडिशा में भारतीय रेडक्रॉस के करीब 1,500 कार्यकर्ताओं ने पहले ही काम करना शुरू कर दिया था। इंडियन रेडक्रॉस ने ओडिशा राज्य में 65 आश्रयों का इंतजाम किया था और कमजोर लोगों को निकालने में मदद की। रेडक्रॉस आश्रयों में 15,000 से अधिक लोग रुके थे। रेडक्रॉस के कार्यकर्ता पहले से ही लोगों को सुरक्षित रखने के लिए फर्स्ट ऐड के साथ तैयार थे। रेडक्रॉस के कार्यकर्ताओं ने 'फेनी' आने से पहले भारत में लगभग 1.1 मिलियन लोगों को तट से हटाया।

कोरोना से जंग में भी जुटे

पूरे विश्व की तरह ही हमारा देश भी इस वक्त कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा है। ऐसे में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य भी जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने, रक्तदान की व्यवस्था को दुरुस्त रखने, लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक करने, नोवल वायरस कोविड-19 से ग्रसित मरीजों के उपचार में सहयोग के अलावा लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने में अपना योगदान दे रहे हैं। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी भी अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी के सिद्धांतों का पालन करती है। साल 1994 में रेडक्रॉस एक्ट में संशोधन किया गया। जिसमें पदेन अध्यक्ष महामहिम राष्ट्रपति और सचिव केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को बनाया गया। जिले में इसकी इकाई का अध्यक्ष कलेक्टर यानी डीएम तथा राज्य में यह राज्यपाल के अधीन होती है। इस समय रेडक्रॉस की देश भर के तकरीबन 412 जिलों में 750 से अधिक शाखाएं हैं।

क्यों मनाया जाता है वर्ल्ड रेडक्रॉस डे?

पहली बार रेडक्रॉस दिवस 1948 में मनाया गया था जब इसे आधिकारिक तौर पर वर्ल्ड रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट डे के रूप में मनाया गया था। रेडक्रॉस की शुरुआत प्रथम विश्व युद्ध के बाद रेडक्रॉस की 14वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में की गई थी। इसकी शुरुआत इंटरनेशनल कमीशन ने की थी। रेडक्रॉस के सिद्धांतों को मान्यता 15वीं इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में वर्ष 1934 में मिली, जिसके बाद इसे दुनियाभर में लागू किया गया। दुनिया भर में मानवता की सेवा और संकट की स्थिति में फंसे हुए लोगों के जीवन को बचाने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दिन रेडक्रॉस सोसाइटी के सिद्धांतों को ध्यान में रखा जाता है। इसके मुख्य सिद्धांतों में मानवता, स्वतंत्रता, निष्पक्षता, तटस्थता, सार्वभौमिकता, स्वैच्छिकता और एकता शामिल हैं। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य आपदा या युद्ध की स्थिति में फंसे लोगों की मदद कर, उन्हें इससे बाहर निकालना और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों की मदद करना है। इस दिन पर विश्व भर में कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें लोगों की मदद की जाती है। वर्ल्ड रेडक्रॉस डे मनाने का मुख्य उद्देश्य 'इंटरनेशनल रेडक्रॉस और रेड क्रेसेंट मूवमेंट' के सिद्धांतों को बढ़ावा देना और इसकी खुशी मनाना है। वर्ल्ड रेडक्रॉस डे 'इंटरनेशनल रेडक्रॉस सोसायटी' के वॉलंटियर और उनके कार्य को समर्पित है।

मध्यप्रदेश शासन कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.)
निविदा आमंत्रण सूचना

एनआईटी नं.-08/2020/केंद्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/..... जबलपुर, दिनांक 28.04.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा केंद्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती हैं -

स.क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमा. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1.	2020_PWPIU_87466_1	जिला बालाघाट के अंतर्गत वैहर मॉडल स्कूल में 50 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	334.30	334300/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
2.	2020_PWPIU_87468_1	बालाघाट के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल समनापुर, हट्टा, बालाघाट में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	186.00	186000/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
3.	2020_PWPIU_87469_1	विरसा के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मंडई, कचनारी में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	124.00	124000/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
4.	2020_PWPIU_87470_1	कटंगी के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल महकेपार, जाम में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	124.00	124000/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
5.	2020_PWPIU_87471_1	किरनापुर के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मार्ट, कुंडामोहगांव में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	124.00	124000/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
6.	2020_PWPIU_87472_1	लांजी के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल कारंजा, घोटी, पाथरगांव में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	बालाघाट	186.00	186000/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
7.	2020_PWPIU_87404_1	तह.-तामिया, जिला छिंदवाड़ा में कन्या शिक्षा परिसर का उन्नयन कार्य। (तृतीय आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	773.71	773710/-	20000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
8.	2020_PWPIU_87405_1	तह.-सौंसर (पारडसिंगा), जिला छिंदवाड़ा में कम्बल केंद्र कार्यशाला का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	30.43	50000/-	5000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित
9.	2020_PWPIU_87406_1	तह.-हर्रई, जिला छिंदवाड़ा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	382.57	382570/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
10.	2020_PWPIU_87407_1	तह.-चौरई, जिला छिंदवाड़ा में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	382.57	382570/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
11.	2020_PWPIU_87409_1	लोनिया कर्वल, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
12.	2020_PWPIU_87410_1	कुकड़ा जगत, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
13.	2020_PWPIU_87412_1	गांगीवाड़ा, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
14.	2020_PWPIU_87413_1	गुरैया, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
15.	2020_PWPIU_87414_1	झिलमिली, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
16.	2020_PWPIU_87415_1	तह. चांद, जिला छिंदवाड़ा में शास. कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
17.	2020_PWPIU_87417_1	धनौरा, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
18.	2020_PWPIU_87418_1	तह. हर्रई, जिला छिंदवाड़ा में शास. कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
19.	2020_PWPIU_87420_1	भतोड़ियाकला, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
20.	2020_PWPIU_87421_1	नवेगांव, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
21.	2020_PWPIU_87422_1	उमरानाला, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
22.	2020_PWPIU_87424_1	जाम, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
23.	2020_PWPIU_87425_1	सारंगविहरी, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
24.	2020_PWPIU_87426_1	वीसापुरकला, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
25.	2020_PWPIU_87427_1	कामठी, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
26.	2020_PWPIU_87428_1	कुण्डालीकला, जिला छिंदवाड़ा में शास. हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 प्रयोगशाला एवं 02 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	छिंदवाड़ा	62.02	62020/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
27.	2020_PWPIU_87499_1	हायर सेकेंडरी स्कूल फतेहपुर, ब्लॉक हटा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
28.	2020_PWPIU_87501_1	हायर सेकेंडरी स्कूल मगरोन, ब्लॉक बटियागढ़ जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
29.	2020_PWPIU_87502_1	हायर सेकेंडरी स्कूल इमलिया घाट, ब्लॉक दमोह जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
30.	2020_PWPIU_87503_1	हायर सेकेंडरी स्कूल मुडिया, ब्लॉक दमोह जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
31.	2020_PWPIU_87505_1	हायर सेकेंडरी स्कूल बांदकपुर, ब्लॉक दमोह जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
32.	2020_PWPIU_87507_1	हायर सेकेंडरी स्कूल गैसावाद, ब्लॉक हटा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
33.	2020_PWPIU_87508_1	हायर सेकेंडरी स्कूल बनवार, ब्लॉक जबेरा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
34.	2020_PWPIU_87509_1	हायर सेकेंडरी स्कूल जबेरा, ब्लॉक जबेरा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
35.	2020_PWPIU_87510_1	हायर सेकेंडरी स्कूल बम्होरी, ब्लॉक जबेरा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
36.	2020_PWPIU_87512_1	हायर सेकेंडरी स्कूल तेजगढ़, ब्लॉक तेंदूखेड़ा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित

37.	2020_PWPIU_87516_1	हायर सेकेंडरी स्कूल झलोन, ब्लॉक तेंदुखेड़ा जिला दमोह में फिजिक्स, कैमिस्ट्री बायोलॉजी लैब एवं 2 नग अतिरिक्त क्लास रूम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	दमोह	62.02	62200/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
38.	2020_PWPIU_87658_1	ग्राम चांदरानी वि.खं. समनापुर जिला डिण्डौरी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 नग लैब एवं 02 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	डिण्डौरी	64.23	64230/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
39.	2020_PWPIU_87666_1	वि.खं. बजाग जिला डिण्डौरी में हायर सेकेंडरी स्कूल भवन में 03 नग लैब एवं 02 नग अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	डिण्डौरी	64.23	64230/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
40.	2020_PWPIU_87865_1	नुनसर (पाटन) चरगवां, (पहपुरा), शहपुरा, जिला-जबलपुर में शास. हायर सेकेंडरी स्कूलों (बालक/बालिका) में फिजिक्स लैब, कैमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब और सीढ़ी का निर्माण।	जबलपुर	186.06	186100/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
41.	2020_PWPIU_87648_1	बेलखाड़ु पनागर एवं गांधी ग्राम (सिहोरा), जिला-जबलपुर में शास. हायर सेकेंडरी स्कूलों (बालक/बालिका) में फिजिक्स लैब, कैमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब और सीढ़ी का निर्माण।	जबलपुर	186.06	186100/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
42.	2020_PWPIU_87649_1	धनपुरी (जबलपुर रूलर) एवं पडरिया (कुण्डम), जिला-जबलपुर में शास. हायर सेकेंडरी स्कूलों (बालक/बालिका) में फिजिक्स लैब, कैमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब और सीढ़ी का निर्माण।	जबलपुर	124.04	124100/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
43.	2020_PWPIU_87653_1	बरगी बरखेड़ा (मझौली) एवं मझौली, जिला-जबलपुर में शास. हायर सेकेंडरी स्कूलों (बालक/बालिका) में फिजिक्स लैब, कैमिस्ट्री लैब, बायोलॉजी लैब और सीढ़ी का निर्माण।	जबलपुर	124.04	124100/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
44.	2020_PWPIU_87716_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सहजपुर, नाहरमउ, जमुनिया चिखलि ब्लॉक केसली एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल देवरी में फिकिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	248.89	248890/-	15000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	12 माह वर्षाऋतु सहित
45.	2020_PWPIU_87718_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल भैसा नाका सागर, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शाहपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल विलहरा ब्लॉक जैसीनगर फिकिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	186.67	186670/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
46.	2020_PWPIU_87719_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चनौआ बुजुर्ग ब्लॉक रहली, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बलेह, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गढ़ाकोटा ब्लॉक रहली में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	186.67	186670/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	10 माह वर्षाऋतु सहित
47.	2020_PWPIU_87720_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मंडी बामौरा ब्लॉक बीना, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल वरौदिया नौनागिर ब्लॉक खुरई में, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	124.44	124444/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
48.	2020_PWPIU_87721_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जरूआखेड़ा ब्लॉक राहतगढ़ में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	124.44	124444/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
49.	2020_PWPIU_87722_1	लोक शिक्षण विभाग अंतर्गत शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शाहगढ़ शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हीरापुर ब्लॉक शाहगढ़ में फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी प्रयोगशाला भवन एवं दो क्लास रूम निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	124.44	124444/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
50.	2020_PWPIU_87724_1	उपस्वास्थ्य केंद्र कंदवा विकासखंड बण्डा जिला सागर का 6 विस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं 01 नग जी टाईप, 01 नग एच टाईप आवास निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	110.80	110801/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
51.	2020_PWPIU_87725_1	उपस्वास्थ्य केंद्र गढ़ौला जागीर विकासखंड खुरई जिला सागर में 6 विस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन एवं 01 नग जी टाईप, 01 नग एच टाईप आवास निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	110.80	110801/-	12500/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	08 माह वर्षाऋतु सहित
52.	2020_PWPIU_87726_1	शासकीय हाईस्कूल भवन पिडरूआ जिला सागर निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	सागर	75.37	75370/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
53.	2020_PWPIU_87727_1	शासकीय हाईस्कूल भवन नरयावली जिला सागर निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	सागर	75.37	75370/-	10000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	06 माह वर्षाऋतु सहित
54.	2020_PWPIU_87728_1	केंद्रीय जेल सागर में 01 नग वॉच टॉवर निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण)	सागर	4.13	8257/-	2000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित
55.	2020_PWPIU_87729_1	बुन्देलखंड चिकित्सा महाविद्यालय सागर में वॉयरोलॉजी लैब निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	42.35	50000/-	5000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित
56.	2020_PWPIU_87828_1	गढ़ाकोटा जिला सागर में लोक सेवाकेंद्र निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	सागर	25.87	50000/-	5000/-	केंद्रीयकृत लोनिवि में पंजीयन	04 माह वर्षाऋतु सहित

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 30.04.2020 समय 9.00 से दिनांक 13.05.2020 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

20.	3.6_ SATNA_ 2020-21	2020_ PWDRB_ 88227_1	उपसंभाग नागौद के अंतर्गत सतना मैहर मार्ग से अहरी पतेरी उमरी मार्ग लं. 4.20 किमी., पिथौराबाद पहुंच मार्ग लं. 1.80 कि.मी., डुडहा पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि.मी., कुलपुरा पहुंच मार्ग लं. 0.80 कि.मी., मानिकपुर कुलगढ़ी सितपुरा मार्ग लं. 2.20 कि.मी., सतना अटरा मार्ग लं. 2.00 कि.मी., बांधी मुकुन्दपुर टाला पहुंच मार्ग लं. 1.20 कि.मी., पथरहटा पहुंच मार्ग लं. 1.20 किमी., मतरी पतौरा से सहिजना उवारी मार्ग लं. 2.80 कि.मी., उचेहरा किला से बाईपास मार्ग लं. 0.90 कि.मी. कुल लंबाई 18.10 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूवल का कार्य। (शेष कार्य)	प्रथम	04 माह	8092352/-	80950/-
					योग -		26951553.00

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय कर तथा ऑनलाइन विड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 23.05.2020 सायं 17.30 बजे तक** निर्धारित है। स.क्र. 01 से 05 तक के ई.एम.डी. एवं अन्य दस्तावेज कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग सतना तथा स.क्र. 06 के कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा में दिनांक 26.05.2020 सायं 17.30 बजे तक केवल रजिस्ट्री/स्पीड पोस्ट से प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचारपत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-11193/43832/2020 लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सतना (म.प्र.)

MADHYA PRADESH ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Madhya Pradesh,
Ph. : 0755-2527290, 2765205, Fax : (EPBX),
Fax : 0755-2572643, Website : www.mprdc.gov.in

NIT No. 61/456/MPRDC/Procu/ZC/2020 **Date : 01.05.2020**

निविदा आमंत्रण

मध्यप्रदेश सडक विकास निगम लिमिटेड, भोपाल द्वारा निम्न कार्यों हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रुपये लाख में)	धरोहर राशि (रुपये लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
1.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा नर्मदापुरम संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत का कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 347 कि.मी.)	600.00	6.00	20,000/-	12 माह
2.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा शहडोल संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 416 कि.मी.)	600.00	6.00	20,000/-	12 माह
3.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा सागर संभाग एवं भोपाल संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 945 कि.मी.)	500.00	5.00	20,000/-	12 माह
4.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा जबलपुर संभाग एवं छिंदवाडा संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 861 कि.मी.)	500.00	5.00	20,000/-	12 माह
5.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा धार संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 453 कि.मी.)	500.00	5.00	20,000/-	12 माह
6.	जोनल कॉन्ट्रेक्ट द्वारा उज्जैन संभाग एवं इंदौर संभाग अंतर्गत वर्ष 2020-21 हेतु मरम्मत का कार्य। (कुल अनुमानित लंबाई 688 कि.मी.)	500.00	5.00	20,000/-	12 माह

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से 15.30 बजे दिनांक 08.06.2020 तक क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस में संपादित किया जवेगा।

म.प्र सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

जी-11180/43827/2020 प्रबंध संचालक

गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा

किसानों का चमकविहीन गेहूं भी खरीदा जाएगा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा राज्य में चल रहे गेहूं उपार्जन कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से उनकी चर्चा हुई है जिसमें चमकविहीन गेहूं खरीदने की अनुमति भी प्राप्त हुई है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों का पूरा अनाज खरीदा जाएगा। कोरोना की विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य सुचारु रूप से शुरू किया गया, जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। किसानों को हर संभव सुविधाएं दी गई हैं।

श्री चौहान को जानकारी दी गई कि राज्य में 40 लाख 26 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन समर्थन मूल्य पर किया जा चुका है। प्रदेश के 7 लाख 50 हजार किसानों से यह खरीदी की गई है। किसानों के बैंक खातों में 3171 करोड़ रुपये की राशि डाली जा चुकी है। उपार्जित गेहूं का 86 प्रतिशत परिवहन भी कर लिया गया है। प्रदेश के 24 जिलों में 90 प्रतिशत परिवहन हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा किसानों को खरीदी केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं दी जाएं। सोशल डिस्टेंसिंग का पूरी तरह पालन हो। श्री चौहान ने सौदा पत्र के माध्यम से किसानों को गेहूं बेचने की व्यवस्थाओं से अवगत करवाने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में करीब छह लाख मीट्रिक टन गेहूं इस व्यवस्था से खरीदा जा चुका है। इंदौर, उज्जैन सहित लगभग 50 मंडी प्रांगण अभी बंद हैं और कोरोना के बड़े संकट के इस दौर में भी किसानों को काफी सुविधा प्राप्त हुई है।

बैठक में जानकारी दी गई कि जहां मंडियां खुली हैं वहां तो खरीदी की पूर्ण व्यवस्थाएं हैं ही इसके अलावा किसान के घर से अनाज लेने का इंतजाम भी किया गया है। मंडियों में आने के लिए किसानों को संदेश भेजने की व्यवस्था में और सुधार किया जा रहा है। जहां अनाज लेकर आने वाले किसानों की संख्या कम है, वहां 20 के स्थान पर 30 और 40, एसएमएस भेज कर उन्हें आमंत्रित किया जा रहा है।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों ने उपार्जन से संबंधित जानकारी दी। प्रमुख सचिव कृषि श्री अजीत केशरी ने बताया कि भारत सरकार से वारदाना व्यवस्था के संबंध में सहयोग प्राप्त हो रहा है। राज्य में चना और सरसों की खरीदी का कार्य भी प्रारंभ होकर व्यवस्थित रूप से संचालित हो रहा है। कोरोना वायरस प्रभावित क्षेत्रों में स्थितियां सामान्य होते ही शेष किसान भी आसानी से गेहूं बेच सकेंगे।

भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप

मदिरा और भांग दुकानों के संचालन के निर्देश जारी

दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग का किया जाये पालन

भोपाल, मध्यप्रदेश में मदिरा एवं भांग दुकानें भारत सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार खोले जाने के लिए आबकारी आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टर को परिपत्र जारी किया गया है।

कोरोना की राष्ट्रीय विपदा के दृष्टिगत जिन जिलों में कलेक्टर द्वारा मदिरा एवं भांग दुकानें खोले जाने की अनुमति दी जाएगी वहां सोशल और पर्सनल डिस्टेंसिंग एवं अन्य बचाव उपायों का शत-प्रतिशत पालन किया जाना होगा। कलेक्टर्स से कहा गया है कि 4 मई से इन दुकानों के संचालन की अनुमति देते समय भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुक्रम में ग्रीन, आरेंज एवं रेड जोन के मान से ही निर्णय लिया जाए।

आबकारी आयुक्त द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि दुकानों का संचालन सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक ही किया जा सकेगा। मदिरा दुकानों से सभी तरह की शासकीय औपचारिकताएं पूर्ण कराई जाएंगी तथा दुकानों के संचालन के लिए लायसेंसधारी और उनके कर्मचारियों को ही पास जारी किए जाएंगे। मदिरा भंडार गृहों को भी अनुमति जारी करने के संबंध में कलेक्टर्स को निर्देश दिए गए हैं।

उपचार प्रबंधों और टेस्टिंग क्षमता बढ़ाने से नियंत्रित हो रहा कोरोना

डेडीकेटेड अस्पतालों में रोगियों को प्रदान की जायें आवश्यक सुविधायें – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कहीं भी इलाज में गैप न हो, चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी क्षमता से कार्य करें। कोरोना के उपचार के लिए डेडीकेटेड अस्पतालों में रोगियों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। विशेष रूप से उज्जैन में ट्रामा सेंटर में उपचार का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि रोगियों की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जाए, जो रोगी आईसीयू अथवा वेंटीलेटर पर हैं उनके उपचार के लिए आवश्यक हो तो इंदौर और भोपाल से भी विशेषज्ञों की सेवाएं प्राप्त की जाएं।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर समीक्षा बैठक के दौरान ही अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने एम्स भोपाल से चिकित्सा विशेषज्ञ को उज्जैन रवाना होने के निर्देश प्रदान किए। समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के कुछ स्थानों जहां पॉजिटिव रोगियों की संख्या बढ़ गई थी। अब वहां स्थिति नियंत्रित हो रही है। ऐसे जिलों में धार, खरगोन और रायसेन जिले शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इन जिलों की जानकारी विशेष रूप से प्राप्त की।

श्री चौहान ने कहा कि पॉजिटिव पाए गए रोगी ठीक हों, जो ज्यादा गंभीर रोगी हैं तत्परता से उनका उपचार हो और किसी भी स्थिति में मृत्यु दर न बढ़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा इंदौर में अरविंदो अस्पताल और भोपाल में चिरायु मेडिकल कॉलेज में रोगियों की अच्छी देखरेख हुई है। अन्य चिकित्सालय भी बेहतर उपचार के लिए निरंतर प्रयास करें। बैठक में जानकारी दी गई कि जबलपुर सहित राज्य के चार मेडिकल कॉलेज टेस्टिंग लैब प्रारंभ कर रहे हैं। इन जिलों में रतलाम, शहडोल, विदिशा और खंडवा शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस नियंत्रण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना है। जिस तरह टेस्टिंग की सुविधा में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों की तुलना में क्षमता बढ़ा चुका है, इसे निरंतर जारी रखते हुए अधिक से अधिक सैंपल लेने के प्रयास हों। वर्तमान में करीब 3 हजार सैंपल प्रतिदिन लिए जा रहे हैं। आने वाले सप्ताह में यह क्षमता 3 हजार 500 हो जाएगी।

सुधर रही है स्थिति

बैठक में बताया गया कि आज की स्थिति में मध्यप्रदेश देश में छठवें क्रम पर दर्ज है। प्रकरणों की संख्या कम होने के साथ निरंतर रोग नियंत्रण के लिए पूरा अमला सक्रिय है। प्रदेश में 2942 प्रकरण में से 1979 एक्टिव प्रकरण हैं। कुल 798 रोगी पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में 165 लोग कोरोना से असामयिक मृत्यु का शिकार हुए हैं। राज्य के ग्वालियर में स्थिति काफी नियंत्रित हुई है। इसे रेड जोन से मुक्ति मिलेगी और नगर ऑरेंज जोन में आएगा। इसी तरह शीघ्र ही अलीराजपुर और श्योपुर भी ग्रीन क्षेत्र में शामिल हो जाएंगे। भारत सरकार के मानकों के अनुसार 21 दिन तक कोई पॉजिटिव केस न पाए जाने पर वह क्षेत्र ग्रीन जोन में शामिल हो जाता है।

श्रमिकों की वापसी

मुख्यमंत्री श्री चौहान को अपर मुख्य सचिव श्री आई.सी.पी. केसरी ने जानकारी दी कि अन्य राज्यों से श्रमिकों की वापसी का कार्य निरंतर चल रहा है। इसके लिए रेलवे को एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। कुछ ट्रेनें अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश के लिए आने वाले 3 दिन में रवाना की जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश के श्रमिकों से किसी भी स्थिति में किराए की राशि नहीं ली जाए। बैठक में बताया गया कि पंजाब और तेलंगाना राज्यों ने श्रमिकों का किराया खुद वहन करने की सहमति दी है। प्रदेश के लगभग 70 हजार श्रमिक द्वितीय चरण में इस सप्ताह वापस लौटेंगे। प्रथम चरण में करीब 75 हजार श्रमिक मध्यप्रदेश वापस आ चुके हैं।

तीर्थ यात्रियों को अपने राज्यों में जाने की अनुमति दें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बैठक में निर्देश दिए ऐसे तीर्थयात्री जो भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन और ओंकारेश्वर आदि आए थे उन्हें अपने मूल स्थानों पर जाने की अनुमति प्रदान की जाए।

किसानों और प्रदेश की उन्नति का रास्ता हैं सिंचाई परियोजनायें

भोपाल, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने भोपाल में विभाग की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 जून तक पूर्ण होने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता दें और इसमें किसी भी प्रकार की बजट की कमी ना होने दें। बजट की कमी के कारण कोई भी परियोजना रुकनी नहीं चाहिए, सभी परियोजनाओं को बजट आवंटित कर परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण कराएं।

श्री सिलावट ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सिंचाई परियोजनाओं से किसानों का भविष्य और प्रदेश की उन्नति का रास्ता निकलता है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण हों इसके साथ ही उन्होंने विगत वित्तीय वर्ष में पूर्ण हुई परियोजना की जानकारी भी प्राप्त की। श्री सिलावट ने कहा कि विभाग में जो अधिकारी 3 साल से अधिक समय तक एक ही जगह पर जमे हुए हैं उनके संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई जाए।

प्रदेश में चल रही सिंचाई परियोजना की समीक्षा करते हुए श्री सिलावट ने कहा कि सभी परियोजनाओं का अंकेक्षण किया जाए, कार्य की गुणवत्ता और उन्हें समय सीमा में पूर्ण किया जाए। अन्यथा सम्बन्धित अधिकारी और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट भोपाल में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

प्रदेश में जितने भी डैम हैं उनके मजबूती के परीक्षण कराये जायें। उन सब का ऑडिट कराया जाए। बरसात आने के पहले ही सभी बड़े तालाबों और बांधों की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। आगामी दिनों में सिंचाई परियोजना जल्द से जल्द पूरी की जायें।

ग्रीन जोन में जो भी परियोजना का निर्माण चालू है उनमें काम शुरू कराया जाए इसके साथ ही रोज़गार उन्मुखी कार्य भी कराए जाते रहें। बैठक में विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें जल संसाधन के ईएनसी श्री डावर और अन्य अधिकारी शामिल थे।

ग्रीन जोन में दस्तावेजों का पंजीयन शुरू

भोपाल, राज्य शासन ने प्रदेश के सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक/जिला पंजीयक को ग्रीन जोन घोषित जिलों और तहसीलों में दस्तावेजों के पंजीयन का कार्य शुरू करने के निर्देश दिये हैं। इसके लिये वाणिज्यिक कर विभाग ने आदेश जारी कर दिये हैं।

जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप/कलेक्टर के आदेश द्वारा प्रतिदिन ग्रीन जोन घोषित जिलों और तहसीलों की अद्यतन सूची प्राप्त की जाएगी। ग्रीन जोन में स्थित कार्यालयों में कलेक्टर द्वारा निरीक्षण और पुष्टि के बाद दस्तावेजों के पंजीयन का काम 4 मई 2020 से शुरू किया गया है। जैसे-जैसे जो जिले और पूरी तहसील ग्रीन जोन होती जाएगी, उन जिलों और तहसीलों में स्थित पंजीयन कार्यालयों में भी पंजीयन का कार्य शुरू किया जाएगा।

दस्तावेज पंजीयन के दौरान सर्विस प्रोवाइडरों और निष्पादकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति पर पूरी तरह रोक रहेगी। साथ ही, भारत सरकार द्वारा कोविड-19 संक्रमण को रोकने के लिये निर्धारित आदर्श परिचालन प्रक्रिया तथा राज्य शासन और जिला क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों का पालन अनिवार्य रहेगा।

डिजिलेप से पढ़ाई हुई रोचक

भोपाल, कोरोना लॉकडाउन अवधि में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा डिजिलेप वाट्सएप ग्रुप्स तैयार किया गया है। इसके माध्यम से अब बच्चों के लिये पढ़ाई रोचक हो गई है। विभाग ने तीन मई से इस ग्रुप में हर रविवार को बच्चों को एक फ्लिप बुक भेजना शुरू किया है। इन फ्लिपबुक्स के रूप में मज़ेदार कहानियां, गीत तथा मोबाइल पर भी मनोरंजन और मस्ती के साथ, पढ़ने के लिये बच्चों को और भी बहुत कुछ रोचक सामग्री मिलेगी।

डिजिलेप (DigiEP - डिजिटल लर्निंग एनहैंसमेंट प्रोग्राम) कार्यक्रम के तहत प्रदेश भर में बच्चों, पालकों और शिक्षकों के 50 हजार से अधिक वाट्सएप ग्रुप्स बनाये गए हैं, जिसमें रोजाना हर कक्षा के लिए पाठ्यक्रम आधारित वीडियो और अन्य शैक्षणिक सामग्री भेजी जाती है, जिससे बच्चों की शैक्षिक निरन्तरता बनी रहे। इसी कड़ी में विभाग द्वारा, अब प्रत्येक रविवार को, प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों के भाषा कौशल संवर्धन के उद्देश्य से फ्लिप बुक के माध्यम से बाल साहित्य उपलब्ध कराया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सभी जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें आयोजित हों - मुख्यमंत्री

जबलपुर में टेस्टिंग लेबोरेटरी प्रारंभ करने के दिये गये निर्देश

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना वायरस के नियंत्रण और उपचार की व्यवस्था के संबंध में बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, किसी भी क्षेत्र में बाहरी लोगों को बिना स्क्रीनिंग के न आने दिया जाए। ऐसा न हो कि संक्रमित व्यक्ति कैरियर बनकर उन क्षेत्रों में घूमे जहां रोग का कोई प्रभाव नहीं है। किसी भी स्थिति में वायरस के स्प्रेड होने की स्थितियां नहीं बननी चाहिए। जिन क्षेत्रों में सर्वे किया गया है और वह क्षेत्र कोरोना प्रभावित नहीं है तो वहां निरंतर यह कार्य जारी रखा जाए। नए संक्रमण के क्षेत्र सामने नहीं आना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कोरोना वायरस के नियंत्रण, उपचार और अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री चौहान ने जबलपुर में लेबोरेटरी के प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि टेस्टिंग के कार्य की गति को बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठकें राज्य के सभी जिलों में आयोजित की जाएं। कोरोना नियंत्रण में जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी प्राप्त किया जाए। उन्होंने इन बैठकों के संबंध में कुछ कलेक्टर से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

कलेक्टर जबलपुर ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कोरोना नियंत्रण हो रहा है। अब तक 3208 सैंपल लिए जा चुके हैं, जिनमें 2701 टेस्ट संपन्न हुए हैं। इनमें पॉजिटिव रोगियों की संख्या 98 अर्थात लगभग 4 प्रतिशत है। 3 मई को संपन्न 314 टेस्ट में मात्र दो ही पॉजिटिव मिले हैं। 12 रोगी अस्पताल से घर के लिए डिस्चार्ज किए गए। 4 मई को जबलपुर में एक कोरोना वायरस से प्रभावित रोगी की मृत्यु दर्ज हुई है। नगर में 15 कंटेनमेंट क्षेत्र बनाए गए हैं। कुल 223 सर्वे टीम कार्य कर रही हैं। यहां 1702 लोगों को होम क्वॉरेंटाइन और 433 लोगों को संस्थागत क्वॉरेंटाइन में रखा गया है। स्थानीय मेडिकल कॉलेज में करोना के उपचार की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर जबलपुर ने बताया नगर के सर्राफा और चांदनी चौक में समस्या को देखते हुए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं, जो श्रमिक बाहर से आए थे उन्हें छात्रावास में क्वॉरेंटाइन स्थिति में रखा गया है। नगर की 57 प्रतिशत आबादी का सर्वेक्षण किया जा चुका है। कंटेनमेंट क्षेत्र में 1 लाख 67 हजार 992 लोग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने इंदौर, उज्जैन, बुरहानपुर, रायसेन में रोक की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि भोपाल में चार मई को 1207 में से 31 पॉजिटिव पाए गए। राज्य में 4 मई को 106 पॉजिटिव रोगी पाए गए। कुल 58 रोगी रोग मुक्त होकर घर रवाना किए गए। बुरहानपुर में 111 में से 16, इंदौर में 421 में से 43, उज्जैन में 73 में से 10, रायसेन में 32 में से दो और मुरैना में 49 में से एक रोगी की पॉजिटिव रिपोर्ट आई है।

श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कहीं भी यह स्थिति न बने कि टेंपो, ट्रक अथवा अन्य साधनों से एक साथ बहुत से श्रमिक को लाया ले जाया जाए। दक्षिण के कुछ राज्यों से श्रमिकों को वहां से मध्यप्रदेश न भेजे जाने की स्थिति में पुनः प्रयास किए जाएं। जिन राज्यों से मध्यप्रदेश के श्रमिक वापस लाने की व्यवस्था हो गई है उनकी समुचित खानपान और घरों तक भेजने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने आगामी समय में पास व्यवस्था के संबंध में भी प्रस्तावित कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त की।

मुख्यमंत्री ने श्री एल.के. जोशी के निधन पर व्यक्त किया शोक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश कैडर के रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी श्री ललित कुमार जोशी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। श्री चौहान ने शोक संदेश में कहा कि श्री जोशी ने प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण सेवाएं दीं। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने 8.85 लाख श्रमिकों के खातों में ट्रांसफर किये 88.50 करोड़ रुपये

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के 8 लाख 85 हजार पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के खाते में मंत्रालय से सिंगल क्लिक के माध्यम से 88.5 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की है। प्रत्येक निर्माण श्रमिक को 1000 रुपये की राशि अंतरित की गई है। राज्य शासन द्वारा अभी तक कुल 184.6 करोड़ रुपये आपदा सहायता के रूप में प्रदेश के लॉकडाउन प्रभावित श्रमिकों के खातों में अंतरित किये जा चुके हैं।

दूसरी बार की गई राशि अंतरित

मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में लॉकडाउन की अवधि पुनः बढ़ाए जाने के कारण निर्माण श्रमिकों को यह राशि दूसरी बार अंतरित की गई है। पहले प्रदेश के समस्त पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को माह अप्रैल की 1 हजार रुपये प्रति श्रमिक के मान से कुल राशि 88 करोड 50 हजार उनके खातों में अंतरित की जा चुकी है।

बाहर फंसे मजदूरों को भी भिजवाई राशि

श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश के मजदूर, जो बाहर के राज्यों में फंसे हैं, उन्हें भी 1 हजार रुपये प्रति मजदूर के मान से कुल 7.6 करोड़ रुपये की राशि 76 हजार मजदूरों को अंतरित की गई है। इसके अलावा, हमारे प्रदेश में फंसे अन्य प्रदेशों के मजदूरों को भी सहायता दी गई है।

मुख्यमंत्री को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में विभिन्न जिलों के निर्माण श्रमिकों ने बताया कि उन्हें 2 माह की राशि तथा 3 माह का निःशुल्क राशन, दोनों मिल गए हैं। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है। सभी ने मुख्यमंत्री को संकट के समय इस सहायता के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।

कोरोना योद्धाओं के लिए शुभम ने बनाई सेनेटाइजर मशीन

खरगोन, जिला खरगोन के 30 वर्षीय युवा शुभम ने इस आपातकाल में कोरोना योद्धाओं की भूमिका निभा रहे पुलिसकर्मियों के लिए सेनेटाइजर मशीन बनाकर भेंट की है। जियोलॉजी में एमएससी शुभम ने लोगों की सेवा में अपनी परवाह किए बिना लगातार काम कर रहे पुलिसकर्मियों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए सेनेटाइजर मशीन बनाने की सोची। शुभम ने बिना किसी सहयोग के दो दिन में अपने खर्चे पर सेनेटाइजर मशीन बनाकर कसरावद थाने में लगवा दी। शुभम बताते है कि हरी नेट का एक छोटा सा चेंबर बनाया जहां से सेनेटाइज होने के लिए व्यक्ति को गुजरना होता है। मात्र 5 सेकंड उस चेंबर में रुककर अपने हाथ, मुंह व कमर के साथ निचले हिस्से को भी सेनेटाइज कर सकते हैं। शुभम कहते हैं कि 10 लीटर पानी में लगभग 40 से 50 व्यक्ति आसानी से अपने आप को सेनेटाइज कर सकते हैं।

मध्यप्रदेश में गैर-परम्परागत विद्युत स्त्रोतों से 29 प्रतिशत विद्युत आपूर्ति

भोपाल, मध्यप्रदेश की विद्युत आपूर्ति में गैर-पारम्परिक विद्युत स्त्रोतों से प्राप्त विद्युत की सहभागिता सकारात्मक रूप से परिलक्षित होने लगी है। 2 मई 2020 को प्रदेश में 1893.96 लाख यूनिट विद्युत की आपूर्ति की गई।

सौर ऊर्जा एवं पवन ऊर्जा से 372.14 लाख यूनिट की विद्युत आपूर्ति की गई। जल विद्युत गृहों से 159.68 लाख यूनिट की विद्युत आपूर्ति की गई।

ई-संजीवनी ओपीडी से घर बैठे मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

भोपाल, लॉकडाउन के चलते सामान्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं लेने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना संक्रमण के चलते लोगों में अस्पताल जाने में एक झिझक भी है, व्यवहारिक रूप से अभी अस्पतालों में भीड़ लगाना उचित भी नहीं है। पूर्व में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा टेलीमेडिसिन के माध्यम से होम क्वेरेण्टाइन लोगों को चिकित्सीय सलाह एवं परामर्श हेतु 51 जिलों में टेलीमेडिसिन सुविधाएं प्रारंभ की थीं। इसी क्रम में अन्य बीमारियों के लिये प्रदेश के जिला चिकित्सालय में विश फाउण्डेशन के तकनीकी सहयोग से ई- संजीवनी ओपीडी प्रारंभ की जा रही है। लोगों को घर बैठे स्वास्थ्य सेवाएं, चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार ई-संजीवनी में माध्यम से उपलब्ध होंगे।

जैसा कि ई-संजीवनी नाम से स्पष्ट है, यह स्वास्थ्य सेवाएं ऑनलाइन सेवाएं होंगी और इसके लिये मरीज को टैबलेट, लैपटॉप या डेस्कटॉप जिसमें वेब कैमरा, स्पीकर, माइक एवं इंटरनेट की आवश्यकता होगी, ताकि वह चिकित्सक से सीधा ऑडियो-विजुअल संवाद स्थापित कर सके। ई-संजीवनी का ओपीडी समय सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक रहेगा।

उक्त उपकरणों की सहायता से मरीज को सर्वप्रथम www.esanjeevaniopd.in पर 'पेशेंट रजिस्टर' पर अपने मोबाइल नंबर की सहायता से पंजीकृत कर ओटीपी प्राप्त करना होगा। ओटीपी इण्टर करने के पश्चात 'पेशेंट रजिस्टेशन एवं टोकन जनरेशन' में नाम, पता, आयु संबंधी जानकारी दर्ज करना होगी। यदि कोई रिपोर्ट/एक्स-रे आदि डॉक्टर को बताना चाहते हैं तो उसे भी अपलोड करना होगा। यहां 'ओके' करने के बाद आपको पंजीकृत मोबाइल नंबर पर टोकन प्राप्त होगा, जो कि मरीज की वेटिंग लिस्ट को दर्शाता है।

एसएमएस के आधार पर प्राप्त टोकन नंबर के माध्यम से 'लॉग-इन' कर कतार में अपनी बारी का इंतजार करें, अपनी बारी आने पर 'कॉल नाउ' विकल्प को चुनें एवं चिकित्सक से संवाद प्रारंभ करें। संवाद पूर्ण होने के पश्चात आपको आवश्यकता-नुसार दवा की पर्ची का ई-प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त होगा, जिसके आधार पर आप दवाई खरीद सकते हैं।

कृषक कल्याण राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता

भोपाल, कृषि विकास तथा कृषक कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल ने भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए प्रदेश के जिलाधिकारियों को बताया कि किसानों का हित और किसानों का कल्याण उनकी पहली प्राथमिकता है। सत्ता परिवर्तन से होने वाले व्यवस्था परिवर्तन का लाभ किसानों को उपलब्ध कराना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रदेश में नकली दवाईयां और खाद-बीज बेचने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। कार्यवाही नहीं करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध राज्य स्तर से कार्यवाही की जायेगी। श्री पटेल ने कहा कि उप-संचालक कृषि सुनिश्चित कर लें कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज और दवाईयां उपलब्ध हों। नकली खाद-बीज के व्यापार को न केवल रोकना है अपितु जड़-मूल से समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि जो किसानों के साथ धोखाधड़ी करेगा उनके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री कमल पटेल भोपाल में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

चना-मसूर का उपार्जन होगा

श्री पटेल ने कहा कि चना और मसूर का उपार्जन जिलों में होने वाले उत्पादन के अनुसार किये जाने के निर्देश जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरसों का उपार्जन 20 क्विंटल प्रति-हेक्टेयर किये जाने के भी निर्देश जारी किये जा रहे हैं।

योजनाओं को किसानों तक पहुंचायें

श्री पटेल ने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के सहयोग से विभाग की योजनाओं को आम किसान तक पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। किसानों को योजनाओं के बारे में बतायें, उन्हें समझाएँ जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके।

डॉलर चने की खरीदी के लिये प्रस्ताव भेजेंगे

श्री पटेल ने कहा कि मालवा और निमाड़ क्षेत्र में व्यापक स्तर पर डॉलर चने का उत्पादन हो रहा है। किसानों के लिये यह लाभकारी फसल है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर डॉलर चने की खरीदी के लिये भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जायेगा। श्री पटेल ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिये सभी आवश्यक कदम उठाए जायेंगे।

कृषक/अधिकारियों को प्रशस्ति-पत्र और सम्मान निधि मिलेगी

श्री पटेल ने कहा कि अधिक उत्पादन करने वाले कृषक सम्मानित किये जाएंगे। साथ ही वे अधिकारी जो बेहतर कार्य कर उत्पादकता को बढ़ाने में मददगार रहेंगे, उन्हें भी 15 अगस्त और 26 जनवरी को आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

खरीदी केंद्रों पर बैनर-फ्लेक्स लगाएं

किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि किसान इस देश की रीढ़ हैं। किसानों को आगे बढ़ाना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मात्र एक माह में मंडी एक्ट में संशोधन कर निजी मंडियों की भी स्थापना की अनुमति प्रदान कर दी है। एकीकृत लायसेंस प्रणाली प्रारंभ कर दी है। ई-ट्रेडिंग की अनुमति दी गई है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सौदा-पत्रक योजना गेहूं उपार्जन में वरदान साबित हुई

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा सहकारिता मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि राज्य शासन की सौदा-पत्रक योजना गेहूं उपार्जन में किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। इस योजना के अंतर्गत 30 जून तक किसान सीधे व्यापारी को अपनी उपज बेच सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 35 लाख 49 हजार 891 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है।

श्री राजपूत ने बताया कि 4468 खरीदी केंद्रों पर 6 लाख 80 हजार 746 किसानों से 2 मई की शाम 5 बजे तक एक दिन में एक लाख 99 हजार 682 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया। कुल उपार्जित गेहूँ 79.6 प्रतिशत यानी 28 लाख 12 हजार 161 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन भी किया गया। श्री राजपूत ने कहा कि किसानों से 2909 करोड़ 30 लाख 36 हजार 457 रुपये की खरीदी की गई, जिसमें से 2087 करोड़ 82 लाख 14 हजार 734 रुपये किसानों के खातों में जमा करा दिये गये हैं।

सौदा-पत्रक योजना

श्री राजपूत ने कहा कि राज्य शासन ने समर्थन मूल्य पर रबी फसलों की खरीदी के लिए अन्य व्यवस्थाओं के साथ सौदा-पत्रक योजना लागू की है। इससे जहां एक ओर बड़े किसान लाभान्वित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर छोटे और मध्यम किसानों को यह योजना रास आ रही है। इस योजना के अंतर्गत किसान मंडी के बाहर भी व्यापारियों को वाजिब मूल्य पर अपनी फसल बेच सकते हैं।

श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि किसानों के लिए समर्थन मूल्य एक सुरक्षा कवच की तरह है। यदि सौदा-पत्रक पर किसान को उचित मूल्य मिले, तभी वह अपनी फसल बेचने के लिए अपनी सहमति दें अन्यथा किसान बिल्कुल चिन्ता नहीं करें। सरकार समर्थन मूल्य पर उनकी फसल खरीदने के लिए कटिबद्ध है।

वर्ष 19-20 की तुलना में 15 दिन में ही की आधी खरीदी

प्रमुख सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने बताया कि सरकार द्वारा विगत वर्ष गेहूं की खरीदी समर्थन मूल्य पर 25 मार्च से से शुरू की थी। दो माह बाद 25 मई तक 73 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन किया गया था। इस वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण मजदूरों की कमी और लॉकडाउन के चलते गेहूं की कटाई में विलंब आदि के कारण खरीदी 15 अप्रैल से प्रारंभ की गई थी।

उच्चतम वेतनमान पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को पदनाम देने पर सहमति

शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारों की सहायता के लिये हेल्प-डेस्क प्रारंभ होगी

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये।

भोपाल, गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उच्चतम वेतनमान पर कार्यरत पुलिसकर्मियों को पदनाम देने पर सैद्धांतिक सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव देने के निर्देश पुलिस महानिदेशक को दिये। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मी और अन्य मृतक पुलिसकर्मियों के परिवारों की सहायता करने के लिये हेल्प-डेस्क प्रारंभ करने के निर्देश दिये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कोरोना ने हमारी दिनचर्या को प्रभावित किया है। हमें इसके अनुसार ही अपनी तैयारियाँ करनी होंगी और आवश्यक रणनीति बनाकर कार्य करना होगा। इसके पूर्व डॉ. मिश्रा और पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने कोरोना जंग में शहीद हुए पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कोरोना संक्रमण काल में आम व्यक्ति का पुलिस के प्रति नजरिया बदला है। कोरोना की जंग में पुलिस विभाग ने जिस तन्मयता, एकाग्रता और शालीनता के साथ कार्य किया उसकी आम जनता ने दिल से सराहना की है। लॉकडाउन की अवधि में जब आम व्यक्ति घरों में रह रहा था, तब पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के लिये कार्य करते हुए जनता के दिलों में अपना विशेष स्थान बनाया। इस मुश्किल दौर में पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिये उनके कल्याण के लिये कार्य करने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक श्री विवेक जौहरी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न कंटेनमेंट जोन में 6 हजार से अधिक पुलिसकर्मी सक्रियतापूर्वक मुस्तैदी से कार्य कर रहे हैं। कोरोना की जंग में इंस्पेक्टर श्री देवेन्द्र कुमार चंद्रवंशी और श्री यशवंत पाल, सब इंस्पेक्टर श्री मायाराम खराड़ी और आरक्षक श्री टिंकू रावत सेवा करते हुए शहीद हुये हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 86 पुलिसकर्मी और 5 होमगार्ड के जवान कुल 91 कर्मचारी कोरोना संक्रमित होकर उपचाररत हैं।

कल्याण की प्रक्रिया अधोगामी होगी

गृह मंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों के कल्याण की प्रक्रिया नीचे से ऊपर की ओर चलेगी। पुलिसकर्मियों की क्रमोन्नति, पदोन्नति पर निर्णय लिये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही तत्परतापूर्वक की जाए। जिन परिस्थितियों में आज पुलिस विभाग कार्य कर रहा है, उनके कल्याण के लिये विभाग आगे बढ़कर कार्य करेगा। उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों से आवश्यक सुझाव भी मांगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग के शहीद और अन्य मृतक पुलिसकर्मियों के परिजनों की समस्याओं का निराकरण हेल्प-डेस्क के माध्यम से किया जाएगा।

कोरोना कर्मवीरों को सम्मानित किया जाएगा

डॉ. मिश्रा ने कोरोना की जंग से निपटने में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के हौसले और परिश्रम का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि उन सभी पुलिसकर्मियों को कर्मवीर पदक से सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कोरोना की जंग में तीस दिन तक अपनी सेवाएं दीं।

डायल 100 घर जाकर दर्ज करेगी एफआईआर

डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुलिस विभाग सुधारात्मक प्रक्रिया के अंतर्गत वन स्टेप-अप होकर कार्य करेगा। डायल 100 एफआरवी (फर्स्ट रिस्पांस व्हीकल) लोगों की शिकायत पर घर जाकर एफआईआर दर्ज करेगी। शीघ्र ही इसके लिये आवश्यक कदम उठाएं जा रहे हैं। अति गंभीर मामलों को छोड़कर सामान्य मामलों में इस प्रकार की एफआईआर डायल 100 द्वारा दर्ज की जा सकेगी। शीघ्र ही आमजन को यह सुविधा मिलेगी कि उन्हें एफआईआर दर्ज कराने के लिये थाने नहीं जाना पड़ेगा।

रेड, ऑरेंज एवं ग्रीन जोन के अंतर्गत सभी बिजली बिल भुगतान केंद्र चालू

भोपाल, वैश्विक महामारी कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में लॉकडाउन प्रभावी होने के कारण विद्युत वितरण केंद्रों एवं जोन कार्यालयों में बिल भुगतान केंद्रों पर नगद बिल जमा करने का कार्य स्थगित रखा गया था।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि 4 मई से लॉकडाउन-3 लागू होने के बाद रेड, ऑरेंज एवं ग्रीन जोन के सभी वितरण केंद्र एवं जोन स्थित बिल भुगतान केंद्रों ने काम करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा सभी ए.टी.पी. मशीन/एम.पी. ऑनलाइन का संचालन भी प्रारंभ कर दिया गया है। कंपनी ने बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित सुरक्षा मानदंडों का उपयोग (जैसे- दूरी बनाए रखना, मास्क का उपयोग आदि) करते हुये बिल जमा करने की व्यवस्था का लाभ लें।

राजस्व संग्रहण के लिये ऑनलाइन व्यवस्था जैसे portal.mpcz.in, UPAY एप, नेट बैंकिंग, फोन-पे, अमेजन-पे, पेटीएम, एच.डी.एफ.सी.-पे एवं अन्य भुगतान विकल्प पूर्ववत चालू रहेंगे।

बैंकों ने भी कोरोना संकट में निभाईं सामाजिक जिम्मेदारियां

भोपाल, मध्यप्रदेश में लॉकडाउन के दौरान बैंक भी अपने कर्तव्यों के साथ सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। बैंकों द्वारा प्रदेश की जनता, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को सेवाएं दी जा रही हैं। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 7 हजार 806 बैंक शाखाओं, 9 हजार 345 ए.टी.एम., 10 हजार से भी अधिक बी.सी. एजेंट्स, 8,500 ग्रामीण सब-पोस्ट ऑफिस/पोस्ट ऑफिस, 10 हजार ग्रामीण डाक सेवक द्वारा बैंक शाखा स्तर पर ए.टी.एम., बी.सी. पाइंट के साथ घर पहुँच सेवाएँ भी प्रदान की जा रही हैं। इस प्रकार, लगभग 48 हजार से भी अधिक पाइंट से खाताधारकों को राशि आहरण की सुविधा उपलब्ध हो रही है।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर बैंकों द्वारा शहरी क्षेत्र के कंटेनमेंट एरिया में नकदी आहरण/भुगतान की विशेष व्यवस्था की जा रही है। ग्रामीण स्तर पर खाताधारकों को घर पहुंच सेवा देने के लिये माइक्रो प्लानिंग में जिला प्रशासन के साथ मिलकर ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है। अप्रैल माह के 20 दिनों में बैंकों के विभिन्न चैनल से खाताधारकों ने एक करोड़ 65 लाख ट्रांजेक्शन्स के माध्यम से 13 हजार 500 करोड़ रुपये की नगदी आहरित की है। बैंकिंग कार्यकाल के दौरान बैंकों तथा बी.सी. एजेंट्स द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कोरोना के सभी प्रोटोकॉल का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

बैंकों द्वारा प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों के साथ नगरीय निकायों, जिला प्रशासन और पुलिस महकमे को भी धनराशि, मास्क, सेनेटाइजर, खाद्य सामग्री आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। राजधानी के जिला अस्पताल, जे.पी. अस्पताल को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा एक हजार एन-95 मास्क तथा एक हजार ग्लव्स, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 120 पीपीई किट्स के साथ 200 ग्लव्स, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 100 पीपीई किट्स के साथ 200 ग्लव्स, बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 200 पीपीई किट्स तथा बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा 50 पीपीई किट्स डॉक्टर्स, नर्सेज, पैरा-मेडिकल स्टाफ आदि फ्रन्टलाइन वारियर्स के उपयोग के लिये उपलब्ध कराए गए हैं। यूको बैंक द्वारा भी 250 पीपीई किट्स दिए जाने सहित अन्य बैंकों द्वारा भी प्रदेश के अस्पतालों के लिये आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है।

कोरोना प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ होंगे 204 डॉक्टर

भोपाल, राज्य शासन ने कोरोना के विरुद्ध युद्ध में अतिरिक्त रूप से 204 डॉक्टर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इनमें से पहले आएं पहले पाएं के आधार पर पहले ज्वॉइन करने वाले 50 डॉक्टर्स को भोपाल में, 50 को इंदौर में और 35 चिकित्सकों को उज्जैन में पदस्थ किया जाएगा। कोरोना संक्रमण के विरुद्ध जारी इस युद्ध में पीपीटी मास्क, सैनिटाइजेशन सामग्री, टेस्टिंग क्षमता, कोविड समर्पित अस्पतालों की संख्या में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्ष डॉक्टरों की कमी नहीं होने देने की दृष्टि से प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों से 31 मार्च 2020 को इंटर्नशिप पूरी करने वाले 204 बंधपत्र स्नातक चिकित्सकों को भोपाल, इंदौर और उज्जैन में पदस्थ किया गया है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा जारी आदेश के अनुसार कोविड-19 के मरीजों की संख्या के मद्देनजर 71 बंधपत्र चिकित्सकों की सेवाएं भोपाल को, 87 की सेवाएं इंदौर और 46 की सेवाएं उज्जैन के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी गई हैं। 'पहले आएं पहले पाएं' के सिद्धांत पर भोपाल में ज्वॉइनिंग देने वाले पहले 50 चिकित्सकों को भोपाल में पदस्थ किया जाएगा। शेष 21 की पदस्थापना अन्य जिलों में होगी। इसी प्रकार इंदौर के लिए आदेशित 87 डॉक्टर्स में से पहले ज्वॉइन करने वाले 50 डॉक्टर्स की पदस्थापना इंदौर में होगी। शेष 37 को अन्य जिलों में भेजा जाएगा। उज्जैन में पदस्थ 46 डॉक्टरों में से पहले ज्वॉइन करने वाले 35 डॉक्टर्स उज्जैन जिले में तथा शेष 11 डॉक्टर्स अन्य जिलों में पदस्थ किए जाएंगे। चिकित्सकों द्वारा उपस्थित नहीं होने पर एस्मा (मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण एवं विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979) के तहत कार्यवाही की जाएगी। चिकित्सकों के रहने और भोजन की व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी। चिकित्सकों को प्रतिमाह रुपये 55 हजार पारिश्रमिक देय होगा।

गरीब निराश्रितों के लिए 953 किसानों ने किया 96 क्विंटल अन्नदान

भोपाल, हमारा देश कृषि प्रधान देश है। यहां प्राचीनकाल से धरती को माता और अनाजों को देव स्वरूप माना गया है। अनाज का दान और भूखे को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। आज भी अधिकतर किसान अपने पूर्वजों की अन्न दान की परंपरा को बनाए हुए हैं। किसान फसल आने पर उसका कुछ भाग गरीबों तथा धार्मिक कार्यों के लिए दान करते हैं। समर्थन मूल्य पर अपने गेहूं की बिक्री करने आये किसानों द्वारा खरीदी केंद्रों में गेहूं का स्वेच्छा से दान दिया जा रहा है। अब तक 42 खरीदी केंद्रों में 953 किसानों ने 96 क्विंटल 41 किलो गेहूं और 50 किलो चावल का दान दिया है।

गेहूं खरीदी केंद्रों में दान में किसानों से प्राप्त गेहूं के भंडारण की व्यवस्था की गई है। इस गेहूं को ग्राम पंचायतों को प्रदान किया जा रहा है। पंचायत द्वारा अपने क्षेत्र के गरीब निराश्रित, दिव्यांग, वृद्ध तथा जरूरतमंद व्यक्तियों को इस अन्नदान के भण्डार से निःशुल्क अन्न उपलब्ध कराया जा रहा है। कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण उत्पन्न कठिन परिस्थितियों में गांवों में यदि किसी व्यक्ति पर आजीविका का संकट है, तो उसे भी इस अन्न कोष से निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है।

राज्य में निवेश आकर्षित करने उद्योगपतियों की समिति गठित

भोपाल, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा कोविड-19 वायरस के प्रदेश में स्थापित उद्योगों पर होने वाले प्रभाव के दृष्टिगत राज्य में निवेश आकर्षित करने के लिये राज्य सरकार को सुझाव देने के लिये उद्योगपतियों की समिति गठित की गयी है। उक्त समिति के संयोजक प्रमुख सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग तथा सह-संयोजक प्रमुख सचिव, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग होंगे। समिति राज्य शासन को प्रदेश में वृहद तथा एमएसएमई में बड़े स्तर पर निवेश आकर्षित करने के लिये अपने सुझाव एवं अनुशंसाएं देगी।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सामयिकी

कोरोना संक्रमण

अमेरिका ने चीन पर लगाये आरोप

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज चैनल के वर्चुअल टाउन हॉल में हुए कार्यक्रम अमेरिका टुगेदर : रिटर्निंग टू वर्क में कोरोना से जुड़े सवालों पर कहा कि दुनिया भर में संक्रमण से हुई तबाही के लिए चीन जिम्मेदार है।

- **ट्रंप ने कहा कि चीन सरकार या तो महामारी रोकने में अक्षम थी या उसने इसे किसी कारण से जानबूझ कर फैलाया है।**
- **उन्होंने कहा कि शुरुआत होने की जगह पर ही इसे रोक दिया जाना था।**

इस कार्यक्रम में ट्रंप ने कहा कि हम इस लेट-लतीफी का कारण जानकर ही रहेंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप का दावा

इस साल के अंत तक कोरोना वैक्सीन तैयार करेगा अमेरिका

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उनके वैज्ञानिक इसी साल के अंत तक कोरोना वायरस के संक्रमण को खत्म करने की वैक्सीन तैयार कर लेंगे। एएफपी न्यूज के अनुसार दी गई जानकारी में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने दावा किया था कि कोरोना वायरस चीन के वुहान स्थित लैब में तैयार हुआ था और अब अमेरिका इसकी वैक्सीन जल्द ही तैयार करेगा। फॉक्स न्यूज के कार्यक्रम में बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि सप्लाई लाइन के साथ फाइनल वैक्सीन भी तैयार है बस उसका प्रायोगिक परीक्षण होना बाकी है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के स्वास्थ्य विशेषज्ञ के बयान अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप से अलग हैं।

अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एलर्जी एंड इंफेक्शियस डिसीज की डायरेक्टर डॉक्टर एंथनी फॉसी ने कहा कि वैक्सीन संभवतः जनवरी-21 तक तैयार हो सकती है और ऐसा तब ही हो सकता है जब दवा कंपनियाँ पूरी जाँच और मंजूरी से पहले ही इसका उत्पादन शुरू करने को तैयार हों, स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि कोरोना की वैक्सीन तैयार होने में 18 महीने का समय लगेगा। वहीं डब्ल्यूएचओ के मुताबिक दुनियाभर में कई देशों ने इसे तैयार करने की कोशिश शुरू कर दी है। ब्रिटेन में तो क्लीनिकल ट्रायल भी शुरू हो गया है। यूरोपीय यूनियन ने इसके लिए एक अंतर्राष्ट्रीय प्रोग्राम का नेतृत्व करने की घोषणा की है।

- **ट्रंप ने कहा कि फाइनल वैक्सीन तैयार करने के लिए कई फार्मास्यूटिकल कंपनियां तैयार हैं।**

इटली तीन अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को करेगा फंडिंग

इटली के प्रधानमंत्री ग्युसेप कोंटे ने कहा है कि उनका देश विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) सहित तीन बहुपक्षीय चिकित्सा संगठनों को फंडिंग करेगा।

इटली तीन संगठनों को कोविड-19 संक्रमण की वैक्सीन तैयार करने से लेकर चिकित्सकीय उपकरण, दवाइयां और मानवीय सहायता में मदद करने के लिए पुरस्कार स्वरूप तकरीबन 140 मिलियन यूरो की मदद करेगा। इटली GAVI (वैक्सीन एलायंस, एक सार्वजनिक - निजी समूह, जो विकासशील देशों में टीकाकरण पर केंद्रित है) को 120 मिलियन यूरो दान देगा। इसके अतिरिक्त इटली डब्ल्यूएचओ और सार्वजनिक- निजी गठबंधन को, जो महामारी से लड़ने में अपनी अनुसंधान परियोजनाओं के लिए मदद चाहता है, को भी मदद देगा।

कोरोना कहर

लॉकडाउन से धीरे–धीरे बाहर आ रहा विश्व

कोरोना महामारी के कारण विश्वभर के देशों में लगाये गये लंबे लॉकडाउन के समय में अब कटौती की जा रही है। ईरान के कम जोखिम वाले क्षेत्रों में भी लॉकडाउन से छूट दी गई। फ्रांस सरकार ने स्वास्थ्य आपातकाल 24 जुलाई तक बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले 24 मार्च से 23 मई तक ऐलान किया गया था, लेकिन इसे बढ़ा दिया गया है।

उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच हुई गोलीबारी

उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच करीब तीन साल बाद गोलीबारी हुई है। यह गोलीबारी उस इलाके में हुई, जो इन दोनों देशों को बांटता है। सीमावर्ती शहर चेरोवन में एक दक्षिण कोरियाई गार्ड पोस्ट पर यह गोलीबारी हुई। दक्षिण कोरिया की तरफ से किसी तरह की जान-माल की क्षति नहीं होने की जानकारी दी गई है। दक्षिण कोरियाई फौज ने बयान में कहा है कि उन्होंने भी जवाब में दो राउंड की गोलीबारी की है, हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ कि गोलीबारी शुरू करने की वजह क्या है। दक्षिण कोरिया के ज्वॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा है कि वे उत्तर कोरिया से मिलिट्री हॉटलाइन के जरिए संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि गोलीबारी की वजह जान सकें। ज्ञात रहे कि 1953 में कोरियाई युद्ध के बाद असैन्य क्षेत्र बनाया गया था, जो दोनों देशों के बीच बफर जोन की तरह है।

डीआरडीओ ने

यूवी कीटाणु शोधन टॉवर विकसित किया

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारी संक्रमण वाले क्षेत्रों के त्वरित और रसायन मुक्त कीटाणुशोधन के लिए एक अल्ट्रा वॉयलेट (यूवी) डिसइंफेक्सन टॉवर विकसित किया है। यूवी ब्लास्टर नाम का यह उपकरण एक यूवी आधारित क्षेत्र सैनिटाइजर है, जिसे डीआरडीओ की दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित प्रयोगशाला लेजर साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (एलएएसटीइसी) ने एम/एस न्यू एज इंस्ट्रुमेंट्स एंड मटेरियल्स प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम की सहायता से डिजाइन और विकसित किया है।

यूवी ब्लास्टर प्रयोगशालाओं और कार्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्प्यूटर और अन्य गैजेट जैसे उच्च प्रौद्योगिकी वाली सतहों में उपयोगी है, जो रासायनिक विधियों से कीटाणुशोधन के लिए उपयुक्त नहीं हैं। यह उत्पाद हवाई अड्डों, शॉपिंग मॉल, मेट्रो, होटलों, कारखानों, कार्यालयों आदि ऐसे क्षेत्रों के लिए भी प्रभावी है, जहां लोगों की आवाजाही ज्यादा होती है।

यूवी आधारित क्षेत्र सैनिटाइजर को वाई-फाई लिंक का इस्तेमाल करते हुए लैपटॉप/मोबाइल के माध्यम से दूरस्थ परिचालन के द्वारा उपयोग किया जा सकता है। इस उपकरण में 360 डिग्री प्रकाश के लिए 254 एनएम वेवलेंथ पर छह लैम्प होती हैं, जिसमें हर एक लैम्प की क्षमता 43 वॉट यूवी-सी पावर है। कमरे के भीतर विभिन्न स्थानों पर उपकरण लगाकर लगभग 12X12 फुट आकार के एक कमरे को लगभग 10 मिनट और 400 वर्ग फुट के कमरे को 30 मिनट में कीटाणुमुक्त किया जा सकता है। अचानक कमरा खुलने या मानवीय दखल पर यह सैनिटाइजर बंद हो जाता है। उत्पाद की एक अन्य विशेषता उसका हाथ से होने वाला परिचालन है।

वर्ष 2020 के

पुलित्जर पुरस्कारों की घोषणा

पुलित्जर पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। यह घोषणा पिछले माह होनी थी, लेकिन कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया था। 'न्यूयॉर्क टाइम्स', 'एंकरेज डेली न्यूज', 'प्रो पब्लिका' को पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन्हें अमेरिका में भ्रष्टाचार, लॉ इन्फोर्समेंट, यौन हिंसा और नस्लभेद जैसे विषयों पर अपनी विश्वसनीय रिपोर्टिंग के लिये पुरस्कृत किया गया है। इसके अलावा 'द न्यू यॉर्कर', 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'असोसिएटेड प्रेस', 'द लॉस एंजिलिस टाइम्स', 'द बाल्टिमोर सन', 'द फीलिस्तीन हेराल्ड प्रेस' को भी अलग-अलग खबरों के लिए यह सम्मान दिया गया है।

ज्ञात रहे कि पुलित्जर पुरस्कारों की शुरुआत 1917 में की गई थी। यह अमेरिका का प्रमुख पुरस्कार है, जो समाचार-पत्रों की पत्रकारिता, साहित्य एवं संगीत रचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को दिया जाता है। पिछले वर्ष यह पुरस्कार 'न्यूयॉर्क टाइम्स' और 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उसके परिवार से संबंधित जानकारियां सामने लाने के लिए दिया गया था।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स को 3 पुरस्कार मिले हैं।**
- **'एंकेरज डेली न्यूज', 'प्रो पब्लिका' को पब्लिक सर्विस अवॉर्ड दिया गया।**
- **कश्मीर की फोटोग्राफी के लिए 3 भारतीय फोटोग्राफर्स को भी सम्मानित किया गया है।**

अमेरिका ने दी एच-1बी वीजा धारकों और ग्रीनकार्ड आवेदकों को राहत

अमेरिकी सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने कहा कि जिन लोगों ने दस्तावेज जमा कर दिए थे और लॉकडाउन के कारण उनका कार्य प्रोसेस में नहीं आ पाया था, उन्हें ही ग्रेस पीरियड का लाभ मिल सकेगा। जिन्हें छूट में शामिल किया गया है वे ही अपने दस्तावेज-सबूत जमा करने के पात्र होंगे। यूएससीआईएस का कहना है कि यह छूट इसलिए दी गई है कि कोरोना वायरस के संकट के दौरान लोग अपने नोटिस में दी गई रिक्वेस्ट का जवाब आराम से दे सकें और फॉर्म I-290ए भर सकें। एच-1बी वीजा होल्डर्स और ग्रीनकार्ड आवेदकों पर कोई भी एक्शन लेने से पहले यूएससीआईएस 60 दिनों के भीतर प्राप्त फॉर्म I-290B पर भी विचार करेगा।

- **इससे भारत जैसे देशों के पेशेवरों और प्रवासियों को राहत मिलेगी।**
- **एच-1बी वीजा धारकों और ग्रीनकार्ड आवेदकों को 60 दिन का ग्रेस पीरियड मिलेगा।**

गौरतलब है कि इससे पहले अप्रैल-20 में भी अमेरिकी सरकार ने ऐसे एच-1बी वीजाधारकों से आवेदन मांगे थे, जिनका वीजा परमिट खत्म हो रहा था और ये लोग कोरोना के चलते देश से निकल नहीं पाए। ऐसे लोगों को रुकने का अतिरिक्त समय दिया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक - 01, होशंगाबाद (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 06/2020/e-Tender/Hbad **दिनांक : 27.04.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्रमांक	कार्य की अनु. राशि (लाख में)	स्पीड पोस्ट द्वारा एनव्हलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 1. भैरोपुर से गोलगांव मार्ग, कोठरा से चापादेवरी मार्ग, गोलगांव से म्याउगांव मार्ग पर बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87335	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	15.88	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 2. सुपरली पहुंच मार्ग, धमासा से टेमला मार्ग, नारायण कॉलोनी से आयपा मार्ग बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87336	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	10.13	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 3. बावड़िया भाऊ फरीदपुर अमलाड़ा से भादुगांव मार्ग बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87337	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	18.38	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 4. सिवनी मालवा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर हेतु सामग्री एकत्रीकरण कार्य।					
2020_PWDRB_87338	होशंगाबाद	सामग्री संग्रहण	प्रथम	19.97	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 5. बावई सेक्शन के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. रिपेयर पेच कार्य।					
2020_PWDRB_87339	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	19.69	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 6. सेमरी सांगाखेड़ा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 14/6 में ए.आर. के अंतर्गत बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।					
2020_PWDRB_87340	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	19.10	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 7. सोहागपुर सेक्शन के मार्गों पर बी.टी. पेच रिपेयर सामग्री संग्रहण कार्य।					
2020_PWDRB_87341	होशंगाबाद	सामग्री संग्रहण	प्रथम	10.00	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 8. पिपरिया सेक्शन के मार्गों पर बी.टी. पेच रिपेयर सामग्री संग्रहण कार्य।					
2020_PWDRB_87342	होशंगाबाद	सामग्री संग्रहण	प्रथम	10.00	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 9. सोहागपुर सेक्शन के मार्गों पर बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87343	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	19.50	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 10. पिपरिया सेक्शन के मार्गों पर बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87345	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	19.50	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 11. केसला ताकू एवं पिपरिया कला मार्ग पर डब्ल्यू.बी.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
2020_PWDRB_87346	होशंगाबाद	बी.टी. पेच रिपेयर	प्रथम	10.00	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, होशंगाबाद (म.प्र.) दि. : 22.05.2020 समय सायं 17:30 बजे तक।
संख्या क्रमांक/कार्य का नाम :- 12. पचमढ़ी उपसंभाग के अंतर्गत शार्ट चक्कर एवं लॉग चक्कर मार्ग पर बी.टी. पेच रिपेयर कार्य।					
- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English
Sardar Patel Mahavidyalaya,
Chandrapur)

कोरोना से जंग में कर्मवीर योद्धा बन डॉक्टर्स कर रहे समर्पित सेवा

भोपाल, हर इंसान को बचाना और उसके जीवन को नया सहारा देना डॉक्टरों की पहचान है। वे आज इस विषम परिस्थिति में इस अटूट संकल्प को पूरा कर रहे हैं। डॉक्टर्स अपनी जान और परिवार की परवाह किए बिना निरंतर अपनी सेवाओं से संक्रमित व्यक्तियों को बचाने में जुटे हैं।

भोपाल में जयप्रकाश अस्पताल के डॉ. के.के. अग्रवाल, सचिन नायक, आनंद महाजन, सचिन पाटीदार और अजीत सिंह बिना छुट्टी लिए निरंतर कोरोना पीड़ित मरीजों का उपचार कर रहे हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में जाकर कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की पहचान कर रहे है। सब डॉक्टर्स ने ठाना है कि जब तक यह संक्रमण पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता, हम किसी परिस्थिति में कोरोना से पीड़ित अंतिम व्यक्ति तक का इलाज करेंगे।

बढ़ती उम्र और परिवार की विषम परिस्थितियों के साथ कोरोना युद्ध में अहम जिम्मेदारी निभा रही डॉ. श्रीमती राजकुंवर चौहान का कार्य ही उनका हौसला है। लोक स्वास्थ्य परिचर्या अधिकारी के रूप में श्रीमती चौहान कोरोना कंट्रोल रूम में हेल्पलाइन पर भोपालवासियों को टेली मेडिसिन द्वारा दवाइयां बताकर इलाज संबंधी उनकी अन्य परेशानियों का निदान कर रही है। श्रीमती चौहान कहती है कि इस समय मेरा कार्य ही मेरा हौसला बढ़ाता है। परिवार से दूर नर्मदा गेस्ट हाउस में रह रहीं डॉ. चौहान कहती हैं कि लोगों की सेवा करना, लॉकडाउन में फंसे हुए लोगों को राहत पहुंचाना, किसी व्यक्ति का उनके प्रयासों से स्वस्थ होना, ऐसे मानवीय कार्य से उन्हें मानसिक शांति मिलती है।

शिवपुरी के जिला चिकित्सालय में जिला महामारी विशेषज्ञ डॉ. लालजू शाक्य की सक्रियता से संक्रमित मरीजों को राहत मिल रही है। जिला नोडल अधिकारी डॉ. शाक्य 24 घंटे सभी विकासखण्डों के बीएमओ और सर्विलांस टीम के संपर्क में रहते हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि विदेश से आने वाले लोगों की स्क्रीनिंग करना है। उन्होंने स्वयं जाकर उन सभी लोगों की स्क्रीनिंग कराई। इसी दौरान दुबई से आए युवक की जानकारी मिली, तो उससे सम्पर्क कर जाँच करवाई और उसे क्वारेंटाइन में रहने को कहा। डॉ. शाक्य की इस सक्रियता से सही समय पर मरीज की पहचान हो गई और बहुत सारे लोग संक्रमण से भी बच गए।

रेड और आरेंज जोन में बंदिशों के साथ औद्योगिक गतिविधियों को स्वीकृति

भोपाल, मध्यप्रदेश के कोविड-19 महामारी के तीसरे दौर में लॉकडाउन के अन्तर्गत रेड, ऑरेंज तथा ग्रीन जोन वाले क्षेत्रों में कुछ बंदिशों के साथ औद्योगिक गतिविधियों को नई गाइडलाइन के तहत स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रमुख सचिव डॉ. राजेश राजोरा ने राज्य में वृहद, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों तथा औद्योगिक एवं मेन्यूफैक्चरिंग आइटम्स के वेयरहाउस के लिए नए गाइडलाइन्स जारी की है।

नए दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि रेड एवं आरेंज ज़ोन के जिलों के कंटेनमेंट ज़ोन में किसी भी तरह की औद्योगिक गतिविधि की अनुमति नहीं रहेगी।

इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्र में (कन्टेनमेंट क्षेत्र के बाहर) सभी औद्योगिक गतिविधियां संचालित होंगी। इनको शुरू करने के जिला कलेक्टर से अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

आप भीड़ से अलग होना चाहते हैं तो वह काम करें, जो भीड़ करने से डरती है – वेन डायर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

तर्कशक्ति

प्र (1-5)
निम्नलिखित पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
छः डब्बे H, J, L, O, R और U को एक स्टेक में एक के ऊपर एक के क्रम में रखा जाता है। प्रत्येक डब्बे का भार अलग है - 16Kg, 5Kg, 43Kg, 49Kg, 12Kg और 38Kg।
डब्बे L का भार एक अभाज्य संख्या है। एक डब्बा L और O जिसका भार 38 Kg है, उसके मध्य रखा गया है। डब्बा O, डब्बे L के ऊपर रखा गया है। वह डब्बा जिसका भार एक सटीक वर्ग है उसे डब्बे O के ठीक ऊपर रखा गया है। दो डब्बों को H और R के मध्य रखा गया है जिसे O के ऊपर नहीं रखा गया है। डब्बा R, डब्बे L के ठीक नीचे या ठीक ऊपर नहीं है। एक डब्बे को 16 Kg और 49 Kg भार वाले डब्बे के मध्य रखा गया है। डब्बे R का भार एक सटीक वर्ग नहीं है। 16 Kg और 43 Kg के भार वाले डब्बे के मध्य एक डब्बा रखा गया है। डब्बा J, डब्बे U के ऊपर रखा गया है, जिसे डब्बे H के ऊपर नहीं रखा गया है। डब्बे H का भार 38 Kg से अधिक नहीं है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 1. इनमें से किस डब्बे का भार 49 Kg है?
(A) J (B) R
(C) U (D) O

प्र 2. डब्बे U के ऊपर कितने डब्बे रखे गए हैं?
(A) 1 (B) 3
(C) 4 (D) 5

प्र 3. इनमें से किस डब्बे का भार 5 Kg है?
(A) O (B) H
(C) R (D) L

प्र 4. डब्बे H से कितने डब्बे भारी हैं?
(A) 2 (B) 1
(C) 3 (D) 4

प्र 5. 12 Kg किस डब्बे का भार है?
(A) J
(B) L
(C) U
(D) R

उत्तर - **(1-5)**
(1) (A) J
(2) (C) 4
(3) (D) L
(4) (C) 3
(5) (D) R

व्याख्या - प्रश्नानुसार,
J ⟶ 49 Kg
O ⟶ 38 Kg
H ⟶ 16 Kg
L ⟶ 5 Kg
U ⟶ 43 Kg
R ⟶ 12 Kg

प्र (6-10)
नीचे दी गई श्रृंखला को पढ़िए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
D 9 & U V # S * H 2 8 J * 7 % S 3 2 G 8 2 4 H 1 @ 2 R 2 Y W M A 5

प्र 6. उपरोक्त श्रृंखला में ऐसे कितने वर्ण हैं, जिनके पहले और बाद में समान संख्या है?
(A) 3
(B) 2
(C) 1
(D) 4

प्र 7. उपरोक्त श्रृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके पहले एक संख्या और बाद में एक स्वर है?
(A) 1 (B) 2
(C) 4 (D) 3

प्र 8. उपरोक्त श्रृंखला में ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनके पहले एक वर्ण और बाद में एक प्रतीक है?
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4

प्र 9. यदि सभी संख्याओं को श्रृंखला से हटा दिया जाता है, तो इनमें से कौन सा दायें छोर से 14वां तत्व होगा?
(A) $ (B) *
(C) & (D) #

प्र 10. निम्न में कौन सा तत्व दायें छोर से 17वें के दायें से 5वां है?
(A) 4 (B) H
(C) 1 (D) 2

उत्तर - **(6-10)**
(6) (C) 1
(7) (A) 1
(8) (B) 2
(9) (B) *
(10) (A) 4

प्र 11. कथन -
कुछ टॉम, जेरी हैं।
सभी जेरी, बिल्ली हैं।
सभी बिल्ली, जानवर हैं।
निष्कर्ष -
(i) कुछ टॉम, जानवर नहीं हैं।
(ii) सभी टॉम, जानवर हैं।
उत्तर - या तो (i) या (ii) निष्कर्ष अनुसरण करता है।
व्याख्या - कथनानुसार



अतः (i) ✗
(ii) ✗
लेकिन या तो (i) या (ii) सत्य होगा।

प्र 12. कथन -
कुछ वॉय, क्रिकेटर हैं।
सभी क्रिकेटर वल्लेवाज हैं।
कोई वॉय, वॉलर नहीं है।
निष्कर्ष -
(i) कुछ क्रिकेटर गेंदवाज नहीं हैं।
(ii) सभी वल्लेवाज कभी भी गेंदवाज नहीं हो सकते।
उत्तर - दोनों निष्कर्ष (i) और (ii) अनुसरण करते हैं।
व्याख्या - कथनानुसार,



अतः (i) ✓
(ii) ✓

प्र 13. कथन -
सभी Coffee, Summer हैं।
कुछ Tea, Coffee हैं।
कुछ Summer, Cold हैं।
निष्कर्ष -
(i) सभी Tea के Cold होने की संभावना है।
(ii) कुछ Coffee, Cold नहीं है।
उत्तर - केवल (i) निष्कर्ष अनुसरण करता है।
व्याख्या -

अतः (i) ✓
(ii) ✗

प्र 14. कथन -
कुछ Blue, Green हैं।
कुछ Grey, Blue हैं।
सभी Green, White हैं।
निष्कर्ष -
(i) सभी Grey के White होने की संभावना है।
(ii) सभी Green के Grey होने की संभावना है।
उत्तर - दोनों निष्कर्ष सही हैं।
व्याख्या -

अतः (i) ✓
(ii) ✓

प्र 15. कथन -
सभी Soil, Plant हैं।
कोई Earth, Plant नहीं हैं।
सभी Earth, Water हैं।
निष्कर्ष -
(i) कुछ Water, Soil नहीं है।
(ii) कोई Water, Soil नहीं हैं।
उत्तर - केवल (i) निष्कर्ष सत्य है।
व्याख्या -



अतः (i) ✓
(ii) ✗

प्र (16-20)
निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर समझें और प्रश्नों के उत्तर दीजिए -
'member song mail' को **'yt po ki'** लिखा जाता है।
'Boat Complete dope' को **'tu at uj'** लिखा जाता है।
'mail dope Boat' को **'at yt uj'** लिखा जाता है।
'member mail Boat' को **'yt uj ki'** लिखा जाता है।

प्र 16. **'Song member'** का कूट क्या है?
(A) tu uj (B) po ki
(C) at uj (D) uj po

प्र 17. **'Complete'** का कूट क्या है?
(A) tu
(B) ki
(C) at
(D) uj

प्र 18. **'Boat'** का कूट क्या है?
(A) tu (B) po
(C) at (D) uj

प्र 19. **'mail delivered'** का कूट क्या है?
(A) yt sa (B) po ki
(C) at sa (D) sa tu

प्र 20. **'mail'** का कूट क्या है?
(A) ki (B) po
(C) yt (D) at

उत्तर - **(16-20)**
(16) (B) po ki
(17) (A) tu
(18) (D) uj
(19) (A) yt sa
(20) (C) yt

व्याख्या - इस प्रकार करें -



प्र (21-25)
पहेली को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर बताएँ -
बारह व्यक्ति दो समान्तर पंक्तियों में इस प्रकार बैठे हैं कि वे एक दूसरे की ओर मुख किए हुए हैं।
पंक्ति (1) में S, T, U, V, W और X बैठे हैं और उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। पंक्ति (2) में J, K, L, M, N और O बैठे हैं और ये सभी दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं।
U और V के मध्य तीन लोग बैठे हैं। V के सामने बैठा व्यक्ति, L के दायें से तीसरे स्थान पर बैठा है। M, S के दायें से तीसरे स्थान पर बैठे व्यक्ति के सामने बैठा है, लेकिन U के सामने नहीं बैठा है। K का निकटतम पड़ोसी, S के सामने बैठा है। J और N, जो W के ठीक बाएँ बैठे व्यक्ति के सामने हैं, के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। न तो W और न ही X, L के सामने है। O किसी भी अंतिम सिरे पर नहीं बैठा है।
प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र 21. N और J के मध्य कौन बैठा है?
(A) L (B) K
(C) O (D) M

प्र 22. W के सामने कौन बैठा है?
(A) J
(B) M
(C) N
(D) K

प्र 23. O के ठीक बाएँ कौन बैठा है?
(A) N
(B) M
(C) J
(D) K

प्र 24. भिन्न पद ज्ञात कीजिए?
(A) V (B) N
(C) U (D) M

प्र 25. T के दायें कितने व्यक्ति बैठे हैं?
(A) 5 (B) 2
(C) 1 (D) 4

उत्तर - **(21-25)**
(21) (B) K
(22) (D) K
(23) (B) M
(24) (C) U
(25) (B) 2

व्याख्या - प्रश्नानुसार,



- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

मनरेगा में मिला सवा 11 लाख से अधिक श्रमिकों को काम

भोपाल, कोविड-19 के आकस्मिक हमले से प्रदेश के उस तबके के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया था, जो रोज कमाता और खाता है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में 23 मार्च 2020 को नई सरकार के गठन के साथ ही सरकार ने कोरोना से मुक्ति और जरूरतमंद हाथों को काम देने के प्रयास तेजी से प्रारंभ किए।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (म.प्र.) रोज़गार संकट के इस दौर में वरदान सिद्ध हुई है। प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 20 अप्रैल से कोरोना संक्रमित क्षेत्रों को छोड़कर शेष ग्राम पंचायतों में मनरेगा की रोज़गारमूलक गतिविधियाँ की गईं, जिनमें अब 22 हजार 70 ग्राम पंचायतों में एक लाख 25 हजार 61 कार्य शुरू हो गये हैं। इनमें 11 लाख 25 हजार 893 श्रमिकों को प्रतिदिन रोज़गार मिलने लगा है और यह क्रम लगातार जारी है।

23 हजार महिलाएं कर रही हैं मास्क निर्माण का कार्य

प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होम मेड मास्क निर्माण की प्रक्रिया से महिलाओं को घर बैठे रोज़गार प्राप्त हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार मुहैया कराने में मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को होम-मेड मास्क, सेनेटाइजर, पी.पी.टी. किट, हैंड सोप बनाने जैसी गतिविधियों से जोड़ने का अभिनव प्रयोग मध्यप्रदेश में किया गया। प्रदेश में लगभग 5 हजार स्व-सहायता समूहों के 13 हजार महिला सदस्यों द्वारा 7 लाख से अधिक मास्क, 58 हजार लीटर से अधिक सेनेटाइजर, 9 हजार लीटर हैंड वॉश और लगभग डेढ़ लाख साबुन का उत्पादन किया गया है। इसी प्रकार, शहरी क्षेत्रों में 'जीवन-शक्ति' योजना के माध्यम से शहरी महिलाओं को भी मास्क निर्माण के कार्य से जोड़ा गया है। योजना के अंतर्गत 10 हजार से अधिक महिलाओं ने ऑनलाइन पंजीयन कर उत्पादन का कार्य प्रारंभ किया है। इन उत्पादों को राज्य सरकार द्वारा मार्केट में उपलब्ध कराया गया है। कोरोना के खिलाफ जंग में लगे पुलिस के जवानों, मेडिकल स्टाफ सहित मनरेगा के श्रमिकों को इन समूहों द्वारा उत्पादित सामग्री प्रदान की जा रही है, इतना ही नहीं, प्रदेश में 15 अप्रैल से शुरू हुए गेहूं उपार्जन कार्य में नया प्रयोग करते हुए 5 जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों को जोड़ा गया है। जिससे उन्हें रोज़गार के नए अवसर मिल सके हैं।

राज्य में शुरू किए इन संगठित प्रयासों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में आमजन को होम डिलीवरी से जरूरी सामान की आपूर्ति जैसी सुविधाओं से भी जरूरतमन्दों को काम मिल सका है। पिछल 15 अप्रैल से प्रदेश में प्रारंभ किया गया गेहूँ का उपार्जन भी रोज़गार का बड़ा जरिया बना है। इसमें डेढ़ से दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार गतिविधियों से जोड़ा जा सका है। प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां प्रारंभ कर शीघ्रता से रोज़गार मुहैया कराने का निर्णय भी राज्य सरकार द्वारा लिया जा चुका है। वन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण और निर्माण गतिविधियां भी शीघ्र प्रारंभ की जा रही हैं।

मध्यप्रदेश सरकार इन प्रयासों से जरूरतमंदों के दिल में यह विश्वास जगाने में सफल हो रही है कि गम्भीर संक्रमण काल में भी वह आम आदमी के साथ मजबूती से खड़ी है।

राज्य-स्तरीय कोरोना नियंत्रण कक्ष बना नागरिकों का मददगार

भोपाल, मध्यप्रदेश में नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के कारण लॉकडाउन के दौरान लोगों की दिक्कतों, जिज्ञासाओं आदि के त्वरित समाधान के लिये विशेष राज्य-स्तरीय नियंत्रण कक्ष भोपाल के स्मार्ट सिटी सेन्टर में संचालित किया जा रहा है। नियंत्रण कक्ष को प्राप्त 64 हजार 909 फोनकॉल में से 58 हजार 497 में त्वरित कार्रवाई कर समाधान किया गया। नियंत्रण कक्ष द्वारा किये जा रहे सहयोग एवं सहायता से अब तक चार लाख 82 हजार 412 लोग लाभान्वित हो चुके हैं। राज्य-स्तरीय नियंत्रण-कक्ष को राशन, चिकित्सा, परिवहन तथा अन्य प्रकार की सहायता एवं सहयोग के लिये प्राप्त होने वाले फोनकॉल को तीन अलग-अलग श्रेणी में दर्ज कर त्वरित कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के वह नागरिक जो अन्य राज्यों में निवास कर रहे हैं, से प्राप्त 51 हजार 243 फोनकॉल में से 45 हजार 913 का निराकरण किया गया।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

पर्यावरण

1. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है?
(A) हंस
(B) मैना
(C) मोर
(D) इनमें से कोई नहीं

2. वे पक्षी, जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान, संदेश लाने और ले जाने का कार्य करते थे?
(A) कबूतर
(B) कौआ
(C) गौरेया
(D) इनमें से कोई नहीं

3. वह चिड़िया जो पत्तों से अपना घोसला बनाती है?
(A) टेलर बर्ड
(B) पिकॉक
(C) पिजिन
(D) इनमें से कोई नहीं

4. 'बर्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से ऐसे विख्यात व्यक्ति का नाम?
(A) सी.वी. रमन
(B) विक्रय साराभाई
(C) डॉ. सलीम अली
(D) इनमें से कोई नहीं

5. शांति का प्रतीक है?
(A) फाख्ता
(B) मोर
(C) मैना
(D) इनमें से कोई नहीं

6. ऐसा पक्षी जो सबसे बड़ा एवं भारी है तथा दौड़ सकता है, लेकिन उड़ नहीं सकता?
(A) कबूतर
(B) बाज
(C) शुतुरमुर्ग
(D) इनमें से कोई नहीं

7. वह चिड़ियां जो भारतीय परंपरा के अनुसार माँ सरस्वती का वाहन है?
(A) हंस
(B) बाज
(C) कबूतर
(D) इनमें से कोई नहीं

8. सबसे छोटी चिड़िया?
(A) शुतुरमुर्ग
(B) बी हम्मींग बर्ड
(C) पिकॉक
(D) इनमें से कोई नहीं

9. सबसे तेज तैरने वाली चिड़िया?
(A) ऑस्ट्रेच
(B) पिजिन
(C) पेंगुइन
(D) इनमें से कोई नहीं

10. ऐसे पक्षी का नाम बतायें जो मृत प्राणियों को खाते या ढूंढ़ते समय बहुतर शोर मचाते हैं?
(A) गिद्ध
(B) बाज
(C) चमगादड़
(D) इनमें से कोई नहीं

11. स्टार्क आवाज नहीं करते। शरीर के किस हिस्से की मदद से वे ध्वनि उत्पन्न करते हैं?
(A) पूंछ
(B) चोंच
(C) पंख
(D) इनमें से कोई नहीं

12. ऑस्ट्रेलिया की सबसे छोटी न उड़ने वाली चिड़िया का नाम?
(A) कीवी
(B) बीक्स
(C) अर्कटिक टर्न
(D) इनमें से कोई नहीं

13. वह चिड़िया जो संयुक्त राष्ट्र अमेरिका का राष्ट्रीय चिन्ह है?
(A) कीवी
(B) डोडो
(C) बैलेड ईगल
(D) इनमें से कोई नहीं

14. ऐसी प्रवासी चिड़िया जो कि भरतपुर अभ्यारण्य राजस्थान से संबंधित है?
(A) साइबेरियन क्रेन
(B) मोना क्युलर
(C) डोव
(D) इनमें से कोई नहीं

15. रात की पाली में काम करने वाली चिड़िया?
(A) उल्लू
(B) गौरेया
(C) सारस
(D) इनमें से कोई नहीं

16. पानी की एक ऐसी चिड़िया जिसकी चोंच के अंदर थैली रहती है?
(A) सारस
(B) बगुला
(C) वेलिकन
(D) इनमें से कोई नहीं

17. ऐसी चिड़िया जिसका घोसला सबसे बड़ा होता है?
(A) पिजन
(B) बैलेड ईगल
(C) पेलिकन
(D) इनमें से कोई नहीं

18. ऐसी चिड़िया जो मगरमच्छ के मुँह के अंदर जाकर उसके मुँह को साफ करने का साहस करती है?
(A) प्लोवर
(B) स्वान
(C) डोव
(D) इनमें से कोई नहीं

19. चोंच का दूसरा नाम क्या है?
(A) बूम
(B) बिल
(C) बिग
(D) इनमें से कोई नहीं

20. चिड़ियों के उड़ते समूह को कहते हैं?
(A) कॉलोनी
(B) फ्लॉक
(C) नेक्टर
(D) इनमें से कोई नहीं

21. कोतवाल चिड़िया का नाम?
(A) फ्लेमिंगो
(B) क्रो
(C) किंग क्रो
(D) इनमें से कोई नहीं

22. चिड़ियों का निरीक्षण करने वाले यंत्र को कहते हैं?
(A) दूरबीन
(B) माइक्रोस्कोप
(C) टेलिस्कोप
(D) इनमें से कोई नहीं

23. किस मौसम में अक्सर मोर नृत्य करते हैं?
(A) गर्मी
(B) ठंडी
(C) बरसात
(D) इनमें से कोई नहीं

24. अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में पायी जाने वाली चिड़िया?
(A) मेगापोडे
(B) नेक्टर
(C) कैटल ईगल्ट
(D) इनमें से कोई नहीं

25. जूलॉजी की वह शाखा जो कि पक्षियों से भी संबंधित है?
(A) ओरनिथोलॉजी
(B) बॉयोलॉजी
(C) बासी
(D) इनमें से कोई नहीं

उत्तरमाला

1. (स), 2. (अ), 3. (अ), 4. (स), 5. (अ), 6. (स), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (अ), 11. (ब), 12. (अ), 13. (स), 14. (अ), 15. (अ), 16. (स), 17. (ब), 18. (अ), 19. (ब), 20. (ब), 21. (स), 22. (अ), 23. (स), 24. (अ), 25. (अ)।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. फुटबॉलर पॉल पोग्बा का संबंध किस देश से है?
(अ) मैक्सिको
(ब) ब्राजील
(स) फ्रांस
(द) इनमें से कोई नहीं

2. इनमें से किसे भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य चयनकर्ता चुना गया है?
(अ) अजित आगरकर
(ब) लक्ष्मण शिवारामाकृष्णन
(स) वेंकटेश प्रसाद
(द) सुनील जोशी

3. हाल ही में टेनिस से संन्यास लेने वाली मारिया शारापोवा का संबंध किस देश से है?
(अ) अमेरिका
(ब) रूस
(स) स्पेन
(द) सर्बिया

4. रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) विनोद कांबली
(ब) अजिंक्य रहाणे
(स) वसीम जाफर
(द) अमोल मजुमदार

5. इस वर्ष इनमें से किस भारतीय को आईओसी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला है?
(अ) पुलैला गोपीचंद
(ब) सुशील कुमार
(स) मनप्रीत सिंह
(द) नीरज चौपड़ा

6. हाल ही में किस देश ने आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप जीता है?
(अ) भारत
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) न्यूजीलैंड
(द) इनमें से कोई नहीं

7. टाइसन फ्यूरी का संबंध किस खेल से है?
(अ) मुक्केबाजी
(ब) निशानेबाजी
(स) कुश्ती
(द) हॉकी

8. फीफा वर्ल्डकप-2014 में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का अवॉर्ड किसे मिला था?
(अ) जुआन मुलो
(ब) जेस्पर क्लिसेन
(स) मैनुएल नुएर
(द) ओलिवर कॉन

9. वर्ष 2019 में इनमें से किस महिला खिलाड़ी ने कोई भी ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है?
(अ) सिमोना हालेप
(ब) वियांका आंद्रेस्क्यू
(स) एश्ले बार्टी
(द) पेत्रा क्वितोवा

10. दिव्यांग खिलाड़ी मानसी जोशी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?
(अ) तीरंदाजी
(ब) एथेलेटिक्स
(स) बैडमिंटन
(द) क्रिकेट

11. इस वर्ष दुबई ग्लोब अवॉर्ड्स में बेस्ट मैन प्लेयर चुने गए हैं?
(अ) साडियो माने
(ब) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(स) लुका मोड्रिक
(द) लियोनेल मेसी

12. वर्ष 2019 में आईसीसी टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने हैं?
(अ) केन विलियम्सन
(ब) बेन स्टोक्स
(स) रोहित शर्मा
(द) पैट कमिंस

13. टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कितनी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता है?
(अ) 8 बार
(ब) 6 बार
(स) 7 बार
(द) 9 बार

14. इस वर्ष अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) रवि विश्नोई
(ब) रकिबुल हसन
(स) अकबर अली
(द) मैक्स ब्राएंट

15. टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण मैच में शतक बनाने वाले पहले भारतीय हैं?
(अ) अब्बास अली बेग
(ब) सुरिंदर अमरनाथ
(स) लाला अमरनाथ
(द) सौरव गांगुली

16. रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं?
(अ) बिशन सिंह बेदी
(ब) राजिंदर गोयल
(स) कपिल देव
(द) जहीर खान

17. मैराथन धावक बिरहानू लेगेसी का संबंध किस देश से है?
(अ) इथोपिया
(ब) केन्या
(स) तुर्की
(द) ब्राजील

18. क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर हैं?
(अ) एलिसा हीली
(ब) हीथर नाइट
(स) सारा टेलर
(द) हरमनप्रीत कौर

19. एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप-2020 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) आठ

20. इनमें से किस खिलाड़ी ने इस वर्ष मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता है?
(अ) राफेल नडाल
(ब) रोजर फेडरर
(स) नोवाक जोकोविच
(द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव

21. फ्रांस ने पहली बार फीफा विश्वकप कब जीता था?
(अ) वर्ष 1990
(ब) वर्ष 1998
(स) वर्ष 2018
(द) वर्ष 2002

22. इस वर्ष ईएफएल कप का खिताब किस क्लब ने जीता है?
(अ) आर्सेनल
(ब) मेनचेस्टर यूनाइटेड
(स) लिवरपूल
(द) मेनचेस्टर सिटी

23. इनमें से किस देश ने टेस्ट क्रिकेट में 100 मैच जीते हैं?
(अ) न्यूजीलैंड
(ब) श्रीलंका
(स) बांग्लादेश
(द) इनमें से कोई नहीं

24. इस वर्ष एशियाई बैंडमिंटन चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित की गई थी?
(अ) हांगकांग
(ब) थाईलैंड
(स) फिलीपींस
(द) इंडोनेशिया

25. वर्ष 2006 में फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप किस देश ने जीता था?
(अ) इटली (ब) जर्मनी
(स) फ्रांस (द) ब्राजील

उत्तरमाला

1. स	2. द	3. ब	4. स	5. अ
6. ब	7. अ	8. स	9. द	10. स
11. ब	12. द	13. अ	14. अ	15. स
16. ब	17. अ	18. ब	19. स	20. अ
21. ब	22. द	23. अ	24. स	25. अ

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

कोरोना संक्रमण नियंत्रण के लिये 1200 करोड़ का राहत पैकेज अपेक्षित

भोपाल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन से चर्चा करते हुए कोविड-19 संक्रमण नियंत्रण के लिये 1 हजार 200 करोड़ रुपये के राहत पैकेज के प्रस्ताव को अनुमोदित करने का अनुरोध किया है। उन्होंने आरएनए एक्स्ट्रेक्शन किट प्रदेश को उपलब्ध कराने की मांग की। डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में ऑक्सीजन थेरेपी से कोरोना वायरस की बीमारी के उपचार में मदद मिली है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री अश्विनी चौबे भी उपस्थित थे।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि चिरायु अस्पताल भोपाल में अब तक 600 मरीज भर्ती हुए हैं, जिसमें से 250 से अधिक स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। अस्पताल में उपचार के दौरान एक भी मरीज काल-कवलित नहीं हुआ है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ऑक्सीजन थेरेपी के उपचार से यह संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से एम्स और इंदौर में भी उपचार किया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि प्रदेश में अब तक 2037 कोरोना संक्रमित मरीज मिले हैं, इसमें से 800 पूर्ण स्वस्थ हो चुके हैं। प्रदेश में अब तक 50 हजार लोगों का कोरोना टेस्ट कराया जा चुका है।

खेलचर्चा

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिये होंगे ऑनलाइन आवेदन

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने कोरोना वायरस की वजह से इस बार राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के दावेदारों से नामांकन ई-मेल से मंगाए हैं। ऑनलाइन नामांकन जमा कराने की तारीख तीन जून तय की गई है। आमतौर पर नामांकन भेजने की प्रक्रिया अप्रैल में ही शुरू हो जाती है। लेकिन इस बार लॉकडाउन की वजह से मई में आवेदन मांगे गए हैं। मंत्रालय ने इसके लिए सर्कुलर जारी किया है। सर्कुलर के अनुसार, कोरोना वायरस महामारी के कारण पूरा देश लॉकडाउन है। ऐसे में नामांकन के दस्तावेज डाक के जरिए भेजने की बजाए दावेदार संबंधित एसोसिएशन के अधिकारियों की सिफारिश से जुड़े दस्तावेज और आवेदन की स्कैन कॉपी ई-मेल के जरिए सीधे खेल मंत्रालय को भेजें।

डिस्कस थ्रोअर संदीप कुमारी पर लगा चार साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारतीय डिस्कस थ्रोअर संदीप कुमारी पर विश्व ऐंटी डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने डोप टेस्ट में फेल होने पर 4 साल का प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर 26 जून 2018 से यह प्रतिबंध लागू होगा, क्योंकि इसी दिन टेस्ट के नमूने लिए गए थे। नाडा ने महिला एथलीट संदीप कुमारी का सैम्पल जून 2018 में गुवाहाटी में हुई इंटर स्टेट नेशनल चैम्पियनशिप के दौरान लिया था। इसमें कुमारी ने 58.41 मीटर की दूरी तक चक्का फेंकते हुए गोल्ड जीता था। जांच के दौरान उनके शरीर में एनाबोलिक स्टेरॉइड मेटेनोलोन पाया गया।

विश्व तैराकी चैंपियनशिप मई 2022 तक हुई स्थगित

पेरिस, ओलिंपिक खेलों के स्थगित होने के बाद अब विश्व तैराकी चैंपियनशिप भी स्थगित हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय तैराकी महासंघ ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि टोक्यो ओलिंपिक एक वर्ष के लिये स्थगित होने के कारण अन्य खेल स्पर्धाएं भी प्रभावित होंगी। टोक्यो ओलिंपिक के कारण जुलाई 2021 में आयोजित होने वाली विश्व तैराकी चैंपियनशिप अब मई 2022 में आयोजित होगी।

ईसीबी ने द हंड्रेड लीग से जुड़े खिलाड़ियों के अनुबंध किये रद्द

लंदन, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 'द हंड्रेड लीग' के पहले सत्र में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के करार रद्द कर दिये हैं। इस लीग में दोनों टीमें सौ-सौ गेंदों की पारी खेलेंगी। यह लीग 17 जुलाई से 15 अगस्त के बीच खेली जानी थी, लेकिन कोरोना वायरस के चलते यह टूर्नामेंट वर्ष 2021 में आयोजित होगा। इस लीग के लिये टीमों ने अपने खिलाड़ी ड्राफ्ट के जरिये चुन लिये थे।

ओलिंपिक पदक जीतने के लक्ष्य पर नहीं पड़ेगा असर

बेंगलुरु, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने कहा है कि कोरोना वायरस के कारण टोक्यो ओलिंपिक 1 वर्ष के लिये स्थगित हो गया है। इससे भारतीय हॉकी टीम के पदक जीतने के लक्ष्य पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि टीम के सभी खिलाड़ी अपनी फिटनेस और दक्षता को बनाए रखने पर ध्यान दे रहे हैं।

आईसीसी रैंकिंग

ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट और ट्वेंटी-20 रैंकिंग में हासिल किया पहला स्थान

दुबई, विश्व क्रिकेट की सबसे मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया ने एक बार फिर क्रिकेट में अपना वर्चस्व मजबूत कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा जारी टेस्ट और ट्वेंटी-20 रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं वन-डे विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने वन-डे में अपनी बादशाहत बरकरार रखते हुये वन-डे रैंकिंग में पहले स्थान पर कब्जा बनाये रखा है।

टेस्ट रैंकिंग

टेस्ट टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया ने पहले स्थान पर छलांग लगाते हुये भारत को नीचे धकेल दिया। यह वर्ष 2016 के बाद पहला अवसर है, जब भारत ने टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान गंवाया है। टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 116 अंकों के साथ पहले पायदान पर है, जबकि न्यूजीलैंड 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर काबिज है। भारतीय क्रिकेट टीम 114 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई है। टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड चौथे तथा श्रीलंका पांचवें पायदान पर है।

वन-डे रैंकिंग

आईसीसी वन-डे टीम रैंकिंग में इंग्लैंड की क्रिकेट टीम ने शीर्ष स्थान पर कब्जा बरकरार रखा है। वन-डे रैंकिंग में इंग्लिश टीम 127 अंकों के साथ पहले तथा भारत 119 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बना हुआ है। विश्व कप की उपविजेता न्यूजीलैंड 116 अंक लेकर तीसरे पायदान पर है। वन-डे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका चौथे तथा ऑस्ट्रेलिया पांचवें पायदान पर है।

ट्वेंटी-20 रैंकिंग

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न सिर्फ भारत से टेस्ट का ताज छुड़ाया, बल्कि पाकिस्तान को भी ट्वेंटी-20 टीम रैंकिंग से पहले स्थान से हटा दिया। ट्वेंटी-20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 278 अंकों के साथ पहले स्थान पर है, वहीं 27 महीनों तक नंबर वन पोजिशन पर कब्जा जमाने वाली पाकिस्तानी टीम 260 अंकों के साथ चौथे स्थान पर लुढ़क गई। ट्वेंटी-20 रैंकिंग में इंग्लैंड दूसरे, भारत तीसरे तथा दक्षिण अफ्रीका पांचवें स्थान पर हैं।

भारत ने कैसे गंवाया ताज

आईसीसी के बयाने के अनुसार, भारत ने अपना स्थान इसलिये गंवाया, क्योंकि आईसीसी के नियमों के तहत हर वर्ष 30 अप्रैल को आईसीसी रैंकिंग को अपडेट किया जाता है। इस वर्ष वार्षिक अपडेट से वर्ष 2016-17 सत्र के रिकॉर्ड हटाए गये हैं। भारत ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुये 12 टेस्ट जीते थे, वहीं एक मैच में भारत को हार मिली थी। इसी प्रदर्शन के दम पर भारत ने अक्टूबर 2016 में टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में वर्ष 2017-18, 2018-19 और वर्ष 2019-20 के प्रदर्शन को शामिल किया गया है। वर्ष 2021 में जब आईसीसी रैंकिंग का वार्षिक अपडेट होगा तब वर्ष 2017-18 के प्रदर्शन को विलोपित कर दिया जायेगा। इसकी जगह वर्ष 2020-21 का प्रदर्शन शामिल हो जायेगा। आईसीसी रैंकिंग की वार्षिक अपडेट में मौजूदा वर्ष के प्रदर्शन को 100 प्रतिशत वरीयता दी जाती है, वहीं पिछले दो सत्र के प्रदर्शन को 50 प्रतिशत वरीयता दी जाती है।

नेशनल कैंप जल्द हो सकते हैं शुरू – खेल मंत्री

नई दिल्ली, केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि मई माह के अंत से फिर से नेशनल कैंप शुरू हो सकते हैं। इसके लिये योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में राष्ट्रीय खेल संस्थान पटियाला और बेंगलुरु में ट्रेनिंग शुरू की जायेगी। इन संस्थानों में एथलीट ठहरे हुये हैं। इन कैंप में उन खेलों को शामिल किया जायेगा, जिनमें भारत को ओलिंपिक का टिकट मिल गया है या ओलिंपिक क्वालिफिकेशन होना है। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के चलते नेशनल कैंप को मार्च में स्थगित कर दिया गया था।

वर्ष 2021 में होने वाले राष्ट्रमंडल युवा खेल स्थगित

लंदन, राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने वर्ष 2021 में प्रस्तावित राष्ट्रमंडल युवा खेलों को 2023 तक स्थगित कर दिया है। यह फैसला कोरोना महामारी के कारण एक साल के लिए टले टोक्यो ओलंपिक की तारीखों से टकराव के बाद लिया गया। दरअसल, टोक्यो ओलिंपिक का आयोजन इस साल 23 जुलाई से आठ अगस्त तक होना था, लेकिन इसे एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया। सीजीएफ ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण वैश्विक खेल कैलेंडर प्रभावित हुआ है।

राष्ट्रमंडल युवा खेलों के सातवें सत्र का आयोजन 2021 में एक से सात अगस्त तक त्रिनिदाद और टोबैगो में होना था, लेकिन ओलिंपिक के कारण इसकी तारीखों को आगे बढ़ा दिया गया है। सीजीएफ ने कहा कि कैरेबियाई राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए प्राथमिकता बना रहेगा।

भारत ओलिंपिक-2032 की मेजबानी हासिल करने का करेगा प्रयास

नई दिल्ली, भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े खेल आयोजन ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिये तैयार है। भारत वर्ष 2032 में आयोजित होने वाले ओलिंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने का प्रयास करेगा। आईओए अध्यक्ष ने कहा कि हमने वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन किया है। हमने इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) को पत्र लिखकर मेजबानी को लेकर अपनी रुचि दिखाई है।

श्री बत्रा ने कहा कि भारत वर्ष 2026 के यूथ ओलिंपिक खेलों की मेजबानी के लिये प्रयासरत हैं। यूथ ओलिंपिक 2026 की मेजबानी के लिये भारत को थाईलैंड, रूस और कोलंबिया जैसे देशों से कड़ी चुनौती मिलेगी।

आईओए अध्यक्ष ने बताया कि मेजबानी से जुड़ी प्रक्रिया लंबी होती है। ओलिंपिक 2032 के लिये डॉक्यूमेंटेशन शुरू हो गया है। इससे जुड़ी टीम अलग-अलग स्थानों पर जाती हैं और इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रेवल और सुरक्षा के अलावा खेलों के आयोजन से जुड़ी जानकारियां हासिल करती हैं, इसके बाद वे रिपोर्ट पेश करती हैं।

- **भारत वर्ष 1951 और 1982 में एशियाई खेलों की मेजबानी कर चुका है।**
- **भारत ने वर्ष 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का किया है सफल आयोजन।**
- **ये तीनों खेल आयोजन नई दिल्ली में हुए हैं आयोजित।**

महिला हॉकी टीम ने कोरोना प्रभावितों के लिए जुटाए 20 लाख रुपये

नई दिल्ली, विश्वभर में कोरोना महामारी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारत में कोरोना प्रभावितों की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम आगे आई है। महिला हॉकी टीम ने कोरोना प्रभावितों के लिये 20 लाख रुपये की राशि जुटाई है। भारतीय टीम ने यह राशि 18 दिन के फिटनेस चैलेंज के जरिये जुटाई है। यह फिटनेस चैलेंज तीन मई को पूरा हुआ। भारतीय टीम ने कुल 20 लाख 1 हजार 130 रुपये जमा किये हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने यह राशि नई दिल्ली स्थित एनजीओ उदय फाउंडेशन को दान की है। इस राशि का उपयोग विभिन्न स्थानों पर मरीजों, प्रवासी श्रमिकों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों की मूलभूत जरूरतों के लिये किया जायेगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान

रानी रामपाल ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने गरीबों की मदद की इस पहल में हिस्सा लिया। इस चैलेंज में टीम के सदस्यों को प्रतिदिन फिटनेस से जुड़े अलग-अलग टास्क दिये जाते थे। टीम की सदस्य खिलाड़ी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस चुनौती को स्वीकार करने और 100 रुपये दान करने के लिये 10 लोगों को टैग करती थीं।

रॉस टेलर

न्यूजीलैंड के क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गये

क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज रॉस टेलर को इस वर्ष न्यूजीलैंड का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है। टेलर ने वर्ष 2019 में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन कर प्रतिष्ठित सर रिचर्ड हेडली मैडल जीता है। कोरोना वायरस के कारण एक वर्चुअल सेरेमनी आयोजित कर टेलर को यह अवॉर्ड दिया गया।

विश्व कप 2019 में किया शानदार प्रदर्शन

टेलर ने पिछले वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टेलर ने वन-डे विश्व कप-2019 में अपने प्रदर्शन के दम पर न्यूजीलैंड को फाइनल में पहुंचाया था। टेलर ने पिछले सत्र में तीनों फॉर्मेट में कुल 1389 रन बनाये। इस दौरान टेलर अपने देश के लिये सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन

गये। उन्होंने पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग को पछाड़कर यह उपलब्धि हासिल की।

अगला विश्व कप भी खेलेंगे टेलर

रॉस टेलर ने कहा है कि उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं वन-डे विश्वकप-2023 में खेलना चाहूंगा। उस वक्त मैं 39 वर्ष का हो जाऊंगा, तब मैं भविष्य पर फैसला करने की सोचूंगा।

रॉस टेलर ने न्यूजीलैंड के लिये 101 टेस्ट, 232 वन-डे और 100 ट्वेंटी-20 मैच खेले हैं। टेलर वन-डे में 21 और टेस्ट में 19 सहित कुल 40 अंतर्राष्ट्रीय शतक लगा चुके हैं। टेलर तीनों फॉर्मेट में 100 या इससे अधिक मैच खेलने वाले विश्व के एकमात्र क्रिकेटर हैं।

- **टेलर ने तीसरी बार जीता है सर रिचर्ड हेडली मेडल।**
- **इस वर्ष केन विलियमसन सर्वश्रेष्ठ वन-डे और टिम साऊथी सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर चुने गये।**
- **टेलर को इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 क्रिकेटर भी चुना गया है।**
- **सूजी बेट्स को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।**

कूकाबुरा ने गेंद चमकाने के लिए बनाया वैक्स एप्लीकेटर

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया की कूकाबुरा कंपनी जल्द ही वैक्स एप्लीकेटर (मोम से बना कैमिकल) लेकर आ रही है। इसका इस्तेमाल क्रिकेट बॉल की चमक बनाए रखने में किया जा सकता है। कोरोना वायरस का दौर खत्म होने के बाद जब क्रिकेट फिर शुरू होगा तो बॉल शाइनिंग के इस तरीके को आजमाया जा सकता है। अब तक खिलाड़ी थूक, लार और पसीने की मदद से गेंद की चमक बनाए रखते आए हैं। कंपनी के एमडी ब्रेट इलियट ने कहा, 'हम गेंद चमकाने के पारंपरिक तरीकों को बदलने के लिए एक वैक्स एप्लीकेटर पर काम कर रहे हैं। अंपायरों की निगरानी में इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।' ब्रेट के मुताबिक, स्पंज के ऊपरी हिस्से पर खास तरह के मोम की परत होगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

मैं 10वीं के बाद अब एग्रीकल्चर विषय चयनित करके वुड साइंस में कॅरियर बनाना चाहता हूं। कृपया मार्गदर्शन दें।

- संकल्प यादव, इंदौर

निश्चित रूप से वुड साइंस या वुड टेक्नोलॉजी में कॅरियर बनाने के लिए

10वीं के बाद एग्रीकल्चर विषय लेना उपयुक्त होगा। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए मैथ्स, साइंस अथवा एग्रीकल्चर स्ट्रीम का होना जरूरी है। साइंस, फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चर आदि में बैचलर डिग्री के पश्चात पीजी डिप्लोमा इन वुडन टेक्नोलॉजी, पीजी डिप्लोमा इन वुड एंड पैनल प्रोडक्ट्स टेक्नोलॉजी, पोस्ट ग्रेजुएट इन वुडन टेक्नोलॉजी, एमएससी इन वुडन साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे कोर्सेस किए जा सकते हैं। वीएससी फॉरेस्ट्री में वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी पढ़ाया जाने वाला एक अनिवार्य विषय है। इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस, फिजिक्स या विपणन में इंट्रेस्ट रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी एक बहुत ही आकर्षक कॅरियर है। एक सफल वुड टेक्नोलॉजिस्ट वुड स्ट्रक्चर, क्लाइमेट और केमिकल्स के इफेक्ट, उसकी लाइफ और क्वालिटी और वर्क के हिसाब से वुड का सेलेक्शन आदि की नॉलेज रखता है। साथ ही, वह इस फील्ड में आ रही नई टेक्नोलॉजी के बारे में भी अपडेट रहता है। जैसे-जैसे इस सेक्टर का क्रमिक विकास हो रहा है, वैसे-वैसे इसमें नई-नई टेक्नोलॉजी भी सामने आ रही हैं। वुड साइंस एंड टेक्नोलॉजी में कॅरियर बनाना है, तो कोर्स में बताई गई वुड से रिलेटेड बेसिक नॉलेज पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।

10वीं के बाद विषय चयन कैसे किया जाए? कॅरियर बनाने के लिए किन बातों पर ध्यान दिया जाना चाहिए?

- घनश्याम पाटीदार, धार

कॅरियर का सही चुनाव 10वीं के बाद सब्जेक्ट स्ट्रीम से शुरू होता है। विषय का चयन रुचि, योग्यता और क्षमता के आधार पर किया जाना चाहिए। यदि विद्यार्थियों को यह ज्ञात है कि कौन-से कोर्स 12वीं के बाद कॅरियर को ऊँचाई देने वाले हैं? कौन-सी शिक्षण संस्थाएं वास्तव में श्रेष्ठ हैं? प्रगति के लिए कौन-सी योग्यता और विशेषज्ञता जरूरी है? तो निश्चित रूप से उनका परिश्रम और समय का व्यय सार्थक हो सकता है। विभिन्न योग्यताओं के विद्यार्थियों के लिए उनकी रुचि, योग्यता और क्षमता के अनुरूप कॅरियर की कई दिशाओं और विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं की जानकारी रखी जानी चाहिए। जहां 11वीं-12वीं में अपने चयनित विषय की पूरी तैयारी की जानी चाहिए, वहीं 12वीं की परीक्षा के बाद दी जाने वाली प्रवेश परीक्षाओं की भी उपयुक्त तैयारी की जानी चाहिए।

मैंने बीसीए किया है और मैं एक गृहिणी हूँ। मैं घर से कार्य करते हुए ऑनलाइन इंटरनेट के माध्यम से कुछ कमाई करना चाहती हूँ। जानकारी देने का कष्ट करें।

- नीलिमा गौतम, रीवा

चूँकि आपने बीसीए किया है, अतएव आप घर पर रहते हुए भी कम्प्यूटर से

संबंधित ऑनलाइन कार्य करके कुछ कमाई अवश्य कर सकती हैं। जहाँ आपकी अच्छी कंप्यूटर स्किल्स जरूरी हैं, वहीं आपके घर में इंटरनेट कनेक्शन के साथ कंप्यूटर सिस्टम होना चाहिए। अगर आपके पास राइटिंग, डिजाइनिंग, कोडिंग, डिजिटल मार्केटिंग, एसइओ, लोगो डिजाइनिंग, लिंक बिल्डिंग आदि स्किल्स हैं, तो आप अवश्य कमाई कर सकती हैं। इंटरनेट पर ऐसे बहुत से लोग हैं जो अपना काम करवाने के लिए दूसरों को ढूंढ़ते रहते हैं, ऐसे लोग, जो पैसे लेकर उनका काम आसानी से कर देते हैं। ऐसी कई ऑनलाइन साइट्स हैं, जो आपको अपनी कम्प्यूटर स्किल्स के जरिए पैसे कमाने का मौका प्रदान करवाती हैं।

मैं कक्षा बारहवीं आर्ट विषय का छात्र हूँ और एक प्रोफेशनल वीडियो एडिटर बनकर कॅरियर बनाना चाहता हूँ। मुझे क्या करना चाहिए?

- आकाश शर्मा, दमोह

एक प्रोफेशनल वीडियो एडिटर बनने के लिए सबसे पहले वीडियो एडिटिंग

का कोर्स करना होता है। भारत के लगभग सभी प्रतिष्ठित फिल्म संस्थानों में वीडियो या फिल्म एडिटिंग का कोर्स करवाया जाता है, यह कोर्स सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा स्तर के होते हैं। आप मल्टीमीडिया एंड एनीमेशन, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन कोर्स करके भी वीडियो एडिटर बन सकते हैं। इन कोर्स के अंतर्गत भी वीडियो एडिटिंग सिखाई जाती है। इसके अलावा वीडियो प्रोडक्शन कोर्स के माध्यम से भी वीडियो एडिटर बन सकते हैं। वीडियो एडिटिंग का कोर्स करने के लिए आप किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास हों। फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया या सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया जैसे कॉलेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम देना होगा। यह इंस्टीट्यूट देश में बेस्ट फ़िल्म मेकिंग इंस्टीट्यूट है। बाकी अन्य प्राइवेट कॉलेजों में डायरेक्ट एडमिशन मिल जाता है। वीडियो एडिटिंग कोर्स को कम्पलीट करने के बाद आप वीडियो एडिटिंग के जिस सेक्टर में जाना चाहें वहां इंटर्नशिप करें। जैसे अगर आप फिल्म इंडस्ट्री में वीडियो एडिटर बनना चाहते हैं, तो आप फिल्म प्रोडक्शन हाउस में इंटर्नशिप करें।

मैं मास कम्युनिकेशन से ग्रेजुएशन कोर्स कर रही हूँ और एक सक्सेसफुल टीवी एंकर बनना चाहती हूँ क्या इस हेतु कोई आयु सीमा निर्धारित है? कृपया मार्गदर्शन दें।

- साक्षी सिंह, मुरैना

टीवी एंकर बनने के लिए कोई आयु सीमा नहीं है, लेकिन सामान्यतया लगभग 18 से 40 वर्ष की आयु सीमा उपयुक्त होती है, इस फील्ड में आपको अपनी काबिलियत के अनुसार ही सफलता मिलती है। एक सफल टीवी एंकर बनने के लिए बुलंद आवाज के साथ आप जिस भाषा में एंकरिंग करना चाहते हैं, उस भाषा का अच्छा ज्ञान जरूरी है। हिंदी में एंकरिंग करने के लिए हिंदी तथा अंग्रेजी में एंकरिंग करने के लिए अंग्रेजी भाषा का अच्छा ज्ञान होना अति आवश्यक है। इसके अलावा एंकरिंग फील्ड में बॉडी लैंग्वेज और पर्सनालिटी का अच्छा होना भी आवश्यक होता है। आप मास कम्युनिकेशन के कोर्स को करने के बाद किसी भी मीडिया प्रोडक्शन हाउस में टीवी एंकरिंग की फील्ड में इंटर्नशिप करें। इंटर्नशिप से ही आपको इस क्षेत्र का वास्तविक ज्ञान होगा। जोकि आपको एक सक्सेसफुल टीवी एंकर बनने में मदद करेगी।

मैं मैथ्स स्ट्रीम से कक्षा बारहवीं का छात्र हूँ और मैं इंडियन एयरफोर्स में पायलेट बनना चाहता हूँ, कृपया चयन प्रक्रिया बताइए।

- अनिल वर्मा, खरगोन

आप 12वीं के बाद एनडीए परीक्षा देकर इंडियन एयरफोर्स में पायलेट बनने की डगर पर आगे बढ़ सकते हैं। एनडीए में शामिल होने के लिए 12वीं गणित, फिजिक्स, केमेस्ट्री विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। एनडीए परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती हैं। एयरफोर्स में पायलट की चयन प्रक्रिया में जो युवा सभी प्रकार के परीक्षणों में सफल हो जाते हैं, उन्हें पायलट संबंधी निर्धारित प्रशिक्षण दिया जाता है। इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए ग्रेजुएशन के बाद सीडीएस परीक्षा से भी मौका प्राप्त किया जा सकता है।

मैं कम्प्यूटर साइंस स्ट्रीम से बीई फाइनल ईयर का स्टूडेंट हूँ एवं आगे चलकर एक प्रोफेशनल एथिकल हैकर बनना चाहता हूँ, कृपया उचित सलाह दें।

- अभिजीत जायसवाल, इंदौर

चूँकि आप कम्प्यूटर साइंस स्ट्रीम के स्टूडेंट हैं। इसलिए आपके लिए एथिकल हैकर बनना सरल कार्य है। वास्तव में साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के मकसद से प्रोफेशनल एथिकल हैकरों की डिमांड आजकल तेजी से बढ़ती जा रही है। इसलिए प्रोफेशनल एथिकल हैकर बनकर एक शानदार कॅरियर बनाया जा सकता है। एथिकल हैकिंग में डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से किया जा सकता है। सामान्य रूप से एथिकल हैकिंग में कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडेट को कंप्यूटर नेटवर्किंग की नॉलेज और प्रोग्रामिंग की अच्छी जानकारी होनी चाहिए। जावा या C++ अथवा किसी एक ऐप्लिकेशन में कैंडिडेट का एक्सपर्ट होना जरूरी है। इन स्किल्स के बिना एथिकल हैकर की सफलता की राह आसान नहीं होती। एथिकल हैकिंग फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए कंप्यूटर साइंस में किसी डिग्री के बाद सर्टिफिकेट कोर्स इन साइबर लॉ, एमएससी इन साइबर फॉरेन्सिक्स एंड इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साइबर लॉ, एडवांस डिप्लोमा इन एथिकल हैकिंग, सर्टिफिकेट इन इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग, सर्टिफाइड इन्फॉर्मेशन सिस्टम सिक्योरिटी प्रोफेशनल जैसे कोर्स किए जाने लाभप्रद होते हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एथिकल हैकिंग सहित देश के सरकारी एवं निजी क्षेत्र के कई टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूशन्स एथिकल हैकिंग के कोर्स संचालित करते हैं।

मैं एमए (ज्योग्राफी) फाइनल ईयर का स्टूडेंट हूँ। मैं वाइल्ड लाइफ के साथ-साथ ज्योग्राफी के क्षेत्र में कॅरियर की जानकारी चाहता हूँ।

- अरुण दीक्षित, कटनी

निश्चित रूप से आपकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि ज्योग्राफी की होने के कारण

आप वाइल्ड लाइफ के साथ-साथ ज्योग्राफी में भी अच्छा कॅरियर बना सकते हैं। आपकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाइल्ड लाइफ और जानवरों की आदतों, जिनमें उनका बर्ताव, बीमारियाँ, इकोलॉजी, जेनेटिक्स आदि के बारे में डाटा का विश्लेषण करने में सहायक हो सकती है। आप जंगली प्रजातियों को संरक्षित करने और उनकी आदतों में सुधार लाने से संबंधित कॅरियर भी बना सकते हैं। एनजीओ और इंटरनेशनल एनवायरमेंट कंजर्वेशन ऑर्गनाइजेशन्स जागरूकता बढ़ाने, जंगलों के पास रहने वाले लोगों को शिक्षित करने और प्रोजेक्ट टाइगर, सेव दि लॉयन और इस प्रकार के अन्य कार्यक्रमों के लिए कंसल्टेंसी के लिए वाइल्ड लाइफ विशेषज्ञों को रखते हैं। आपके लिए ज्योग्राफी में प्रमुख कॅरियर संभावनाएं इस प्रकार हो सकती हैं- अर्बन प्लानर/कम्युनिटी डेवलपमेंट, कार्टोग्राफर, जीआईएस स्पेशलिस्ट, क्लाइमेटोलॉजिस्ट, ट्रांसपोर्टेशन मैनेजमेंट, एनवायरमेंटल मैनेजमेंट, लेखक, शोधकर्ता, फोरकास्ट डिपार्टमेंट, एनजीं मैनेजमेंट, डेमोग्राफर, नेशनल पार्क सर्विस रेंजर, कैंटोर मैपिंग एरियर सर्वे, कंट्रीसाइड एंड एनवायरमेंटल मैनेजमेंट, मेटीरियोलॉजी एंड सर्वेइंग। आप विभिन्न सरकारी विभागों और रिसर्च इंस्टीट्यूट्स में कार्टोग्राफर, रीजनल तथा अर्बन प्लानर के रूप में काम कर सकते हैं। विभिन्न प्राइवेट सेक्टर तथा ऑर्गनाइजेशन जीआईएस और रिमोट सेंसिंग टेक्नीशियन का प्रयोग करते हैं, उन्हें भी प्रशिक्षित ज्योग्राफरों की जरूरत होती है। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटीज में अध्यापन का काम भी ज्योलॉजिस्ट के लिए एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है।

मैं कक्षा 12वीं कॉमर्स विषय से कर रहा हूँ। मेरे लिए कॅरियर के विभिन्न अवसर कौन-से होंगे, कृपया उचित मार्गदर्शन प्रदान करें।

- राजेश सिंह, उमरिया

निश्चित रूप से कॉमर्स विषय में एक शानदार कॅरियर बनाया जा सकता है। आप 12वीं के बाद बी.कॉम. की डिग्री के साथ सीए, सीएस जैसे प्रोफेशनल कोर्स भी कर सकते हैं। बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए), बैचलर ऑफ बिजनेस स्टडीज (बीबीएस), बैचलर ऑफ मैनेजमेंट साइंस (बीएमएस), बैचलर ऑफ ई-कॉमर्स जैसे कोर्सेस भी डिमांड में हैं। चाहें तो बारहवीं के बाद एक्सपोर्ट मैनेजमेंट अथवा पांच वर्षीय मास्टर ऑफ बिजनेस स्टडीज पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकते हैं। वाणिज्य स्नातक चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्ट (सीएफए) बन सकते हैं। कॉमर्स के छात्र पांच वर्षीय एलएलबी करने के बाद कार्पोरेट लॉ, बिजनेस लॉ, पेटेंट लॉ, इंटरनेशनल ट्रेड लॉ, बैंकिंग लॉ, इनवायरमेंटल लॉ, टैक्सेशन लॉ और रियल स्टेट लॉ आदि क्षेत्रों में अच्छा कॅरियर बना सकते हैं। ट्रेजरी मैनेजमेंट, पोर्टपोलियो मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, इक्विटी रिसर्च एंड एनालिसिस, बीमा तथा इंटरनेट बैंकिंग में भी कॉमर्स की पृष्ठभूमि के स्टूडेंट ज्यादा सफल रहते हैं।

मैं एस्ट्रोनॉमी में कॅरियर बनाना चाहती हूँ, कृपया मुझे इस क्षेत्र में कॅरियर संभावनाओं के बारे में भी बताइए।

- दिव्या निगम, नीमच

एस्ट्रोनॉमी में कॅरियर बनाने के लिए गणित, विज्ञान और कम्प्यूटर विज्ञान की पढ़ाई पर फोकस करना जरूरी है। बारहवीं के बाद फिजिक्स या मैथमेटिक्स से स्नातक पास स्टूडेंट्स थ्योरेटिकल एस्ट्रोनॉमी के कोर्स में एंट्री ले सकते हैं। इसके अलावा इंस्ट्रूमेंटेशन या एक्सपेरिमेंटल एस्ट्रोनॉमी में प्रवेश के लिए बीई (बैचलर ऑफ इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन) की डिग्री जरूरी है। यदि एस्ट्रोनॉमी के पीएचडी कोर्स (फिजिक्स, थ्योरेटिकल व ऑब्जर्वेशनल एस्ट्रोनॉमी, एटमॉस्फेरिक एंड स्पेस साइंस आदि) में प्रवेश लेना चाहते हैं, तो ज्वाइंट एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट-जेईएसटी से गुजरना होगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), डिफेंस रिसर्च डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ), भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) तथा अन्य सरकारी संस्थानों में एस्ट्रोनॉमी के कोर्सेस से पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद रोज़गार के अवसर उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में रिसर्च और कॅरियर के लिए अच्छे अवसर विदेशों में भी हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक पी. नरहरि, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।